आश्विन कृष्ण पक्ष-11, 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 96 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

28 सितम्बर 2024 शनिवार

आज का मौसम

28 अधिकतम

22 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## आतंकियों से मुठभेड़ में तीन सैन्यकर्मी व अफसर घायल



**श्रीनगर, एजेंसी।**

कश्मीर में कुलगाम के आदिगाम देवसर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। सेना के 3 जवान और एक असिस्टेंट सुपरिटेंडेंट इसमें घायल हुए हैं। चारों को अस्पताल ले जाया गया है। दो-तीन और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। कश्मीर जोन पुलिस ने एक्स पर पोस्ट के जरिए मुठभेड़ की जानकारी दी। बताया गया कि पुलिस और सेना ने जॉइंट ऑपरेशन के तहत आदिगाम में सर्च ऑपरेशन चलाया था। इसी दौरान आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई। दूसरी तरफ, पुलिस ने बीती रात पुलवामा के अवंतीपोरा में टेरर मॉड्यूल का खुलासा किया। पुलिस ने जैश-ए-मोहम्मद के 6 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया।

## टाटा के इलेक्ट्रानिक प्लांट में जबर्दस्त आग से अफराफरी

**चैन्नई, एजेंसी।**

टाटा ग्रुप की कंपनी के एक प्लांट में भयानक आग से आज सुबह से अफरातफरी है। कृष्णागिरी जिले में होसुर के पास टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्लांट में यह आग लगी है। टाटा के इस मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से काले धुएं के गुब्बार निकलते हुए दिखाई दे रहे थे।



हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। राहत और आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड के वाहन और कर्मचारी मौजूद हैं। जब आग लगी, तब प्लांट में कई कर्मचारी ड्यूटी पर थे. हालांकि कंपनी के एक बयान के अनुसार, प्लांट में इमरजेंसी प्रोटोकॉल ने सभी कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की। कंपनी ने आगे कहा कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जाता है कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे नागमंगलम के पास उद्दानपल्ली स्थित कंपनी की मोबाइल फोन एक्सेसरीज पेंटिंग यूनिट में ये आग लगी। आग लगने के बाद पूरे इलाके में धुआं फैल गया और कर्मचारियों और स्थानीय लोगों में दहशत दिखाई दी. सभी कर्मचारियों को परिसर से बाहर निकालने के लिए सात दमकल वाहनों को तैनात किया गया।

### सीएम ने सोयाबीन खरीद समीक्षा के दौरान कहा-खाद बीज के अवैध भंडारण पर पुलिस भी नजर रखें

# क्षतिग्रस्त फसलों का सर्वे करने अब जनप्रतिनिधियों के साथ जाएंगे अफसर

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र की मोहन यादव सरकार किसानों के मोर्चे पर चुस्त नजर आने लगी है। आज सुबह मुख्यमंत्री यादव ने अफसरों व मंत्रियों के साथ सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर की जाने वाली खरीदी की समूची प्रक्रिया की समीक्षा की और खाद बीज की कालाबाजारी,अवैध भंडारण, नकली बीज के मामले में सख्त एक्शन के निर्देश दिये। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को हुए मौसमी नुकसान आदि का बारीकी व संवेदनशीलता के साथ सर्वे करें और यथासंभव राहत पहुंचायें। उन्होंने वीडियो कांफ्रेस में जिलों के मैदानी अफसरों से भी बात की। इस मौके पर मंत्री विश्वास सारंग, मुख्यसचिव वीरा राणा, मो. सुलेमान्, राजेश राजौरा समेत कृषि विभाग के कई अफसर मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में आने वाले दिनों में किसानों की फसल क्षति का सर्वे राजस्व अमला जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर करेगा। उन्होंने कलेक्टरों से कहा है



कि फसलों की क्षति का आंकलन गंभीरता से करें। किसानों से संवाद के दौरान उनसे डीएपी के बजाय एनपीके खाद के उपयोग को बढ़ावा दिया जाने प जोर दिया जाए। किसानों को जागरुक कर प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करें। यादव ने कहा कि प्रदेश में खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिलों में किसानों को खाद का उठाव समय पर और बदलते दौर में होने वाली खेती के हिसाब से किए जाने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। भारत सरकार द्वारा डीएपी का आवंटन बढाकर 8 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है, जबकि रबी 2024-25 के लिए 6 लाख मीट्रिक टन डीएपी के आवंटन की सहमति दी गई थी।

### खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्ती होगी

उर्वरक की मांग बढ़ने पर कालाबाजारी, अवैध भंडारण, नकली उर्वरक निर्माण की संभावना के चलते सीएम ने पुलिस का सहयोग लेते हुए निरीक्षण और चेकिंग की व्यवस्था को बढ़ाने के लिये कहा है। कालाबाजारी करने वालों, मिलावट, मिस ब्रांडिंग और नकली उर्वरक खपाने वालों पर कठोर कार्रवाई , उर्वरक अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए एक जिले से दूसरे जिले में उर्वरक मूवमेंट पर सतत निगरानी के लिये भी कहा है।

## कांग्रेस का वादा- किसानों की हर फसल पर एमएसपी

**चंडीगढ।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज मेनिफेस्टो जारी कर वादा किया है कि 18 से 60 साल की महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपए आएंगे, लोगों को 25 लाख तक फ्री इलाज मिलेगा। महिलाओं को सरकारी नौकरी में 33% आरक्षण व किसानों की हर पैदावार एमएसपी पर बिकेगी। किसानों से जुड़े पोर्टल बंद करेंगे। सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन स्कीम का भी वादा साथ में है। इस मौके पर अशोक गहलोत, भूपेंद्र हुड्?डा और उदयभान मौजूद थे। हालांकि सैलजा और रणदीप सुरजेवाला गैरहाजिर रहे। कांग्रेस ने वादा कि कि 2 लाख सरकारी नौकरी दी जाएगी तथा विभागों में ठेके पर भर्ती बंद होगी। परिवार पहचान पत्र पोर्टल को रिव्यू करेंगे। सरकारी नौकरी में खेल कोटा बहाल होगा। शहीद परिवारों को 2 करोड़ की राशि दी जाएगी। हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अग्निवीर को लेकर कोई जिक्र नहीं है।



## जबर्दस्त इजरायली अटैक में मारी गई हिजबुल्लाह चीफ की बेटी

**बेंगलुरु, एजेंसी।**



इजराइल ने यूनाइटेड नेशंस में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की स्पीच के करीब एक घंटे बाद बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर जर्बदस्त मिसाइलें दागीं। इस हमले में 6 लोगों की मौत हुई है और 90 से ज्यादा घायल हैं। इजराइली मीडिया रिपोर्ट्स में दावा है कि हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की बेटी जैनब इस हमले में मारी गई है। हालांकि हिजबुल्लाह ने जैनब की मौत की पुष्टि नहीं की है। पाकिस्तानी पत्रकार अहमद कुरैशी ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि हिजबुल्लाह चीफ की बेटी का शव उस कमांड सेंटर के मलबे में मिला है जिस पर इजराइल ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि लेबनान अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है। इस बीच रॉयटर्स ने लेबनान के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि इजराइल के हमलों के बाद से हिजबुल्लाह चीफ नसरल्लाह से संपर्क नहीं हो पाया है। हमले के कई घंटे बीत जाने के बाद भी हिजबुल्लाह ने नसरल्लाह के ठीक होने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया है। एक इजराइली अधिकारी ने टाइम्स ऑफ इजराइल से कहा कि जहां हमला किया गया वहां हिजबुल्लाह के टॉप अधिकारी मीटिंग करते थे। इस बीच इजराइली सेना ने कहा है कि उनके हमले में हिजबुल्लाह की मिसाइल यूनिट के कमांडर मुहम्मद अली इस्माइल और डिप्टी होसैन अहमद इस्माइल मारे गए हैं।

## अदालत ने सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए

### चुनावी बांड के जरिए जबरन धन वसूली का मामला

**बेंगलुरु, एजेंसी।**

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एक अदालत ने जबरन वसूली के आरोप में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने इस एफआईआर को दर्ज करने का आदेश दिया है।

यह आदेश चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के आरोपों के संबंध में आया है। जन अधिकार संघर्ष संगठन के आदर्श अय्यर ने निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एक निजी शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें आरोप था कि चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली की गई थी। इसके बाद बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया। तिलक नगर पुलिस अब



निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज करेगी। गौरतलब है कि केंद्र ने 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना शुरू की थी और इसका उद्देश्य राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले नकद दान की जगह लेना था, ताकि राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता में सुधार हो सके। चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को फंड दिया जाता था लेकिन इसका खुलासा नहीं किया जाता था। हालांकि बाद में विपक्ष के आरोपों और दायर याचिका के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था।

## भारत ने यूएन में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा, पाखंडी बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा भारत पर किए गए हमले का भारत ने बेहद तीखी व कड़ा बयान दिया है। भारतीय राजनयिक भाविका मंगलनंदन ने कहा कि इस महासभा ने आज सुबह एक दुर्भाग्यपूर्ण तमाशा देखा, जहां एक ऐसा देश, जिसे उसकी सेना चलाती है और जिसका वैश्विक स्तर पर आतंकवाद, मादक पदार्थों के व्यापार और अंतर्राष्ट्रीय अपराधों में नाम है, उसने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने की हिम्मत की है। मैं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा अपने भाषण में भारत पर किए गए हमले का जिक्र कर रही हूं। उन्होंने कहा कि %धांधली वाले चुनावों के इतिहास वाले देश के लिए लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना और भी हैरान करने वाला है।

भाविका ने पाकिस्तान पर सीमा पार आतंकवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अपने पड़ोसियों के खिलाफ लंबे समय से आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। उसने हमारी संसद, आर्थिक राजधानी मुंबई, बाजारों और तीर्थ यात्राओं पर हमले किए हैं।

## केजरीवाल ढूंढ रहे घर, खाली करेंगे सीएम हाउस

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल, दिल्ली का मुख्यमंत्री पद छोडने के बाद अब जल्द ही सिविल लाइंस में 6, फ्लैगस्टाफ रोड स्थित मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास को खाली करने की तैयारी में हैं। सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल के लिए नई दिल्ली क्षेत्र में नया आवास खोजा जा रहा है, जो उनकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। केजरीवाल ने पहले कहा ही था कि वह श्राद्ध पक्ष समाप्त होने और नवरात्र शुरू होने के बाद दिल्ली सीएम का आवास छोड़ देंगे। दिल्ली विधानसभा में आम आदमी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिलने और दूसरी बार मुख्यमंत्री चुने जाने के बाद 2015 से केजरीवाल मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर रह रहे हैं।



**मेट्रो एंकर**

### सैटेलाइट तकनीक से फर्राटा भरेंगी गाड़ियां

# बीतने वाले हैं टोल बैरियर पर रूकने के दिन !

**नई दिल्ली , एजेंसी।**





टोल नाकों पर लंबी लाइनों से मुक्ति के दिन करीब आ रहे हैं। देश में टोल वसूली को लेकर एक नया सिस्टम प्रचलन में आने वाला है जो सेटेलाइट तकनीक से काम करेगा और गाडी से जुडा रहेगा। इसके बाद न तो किसी टोल गेट पर रुकने की जहमत होगी और न ही टोल देना होगा। हालांकि इसे लेकर अभी कई सवाल भी घुमड रहे हैं, कि पैसे कैसे कटेंगे? या फास्टेग खतम होगा या नहीं? जानकारी के मुताबिक इस सिस्टम को कमर्शियल वाहनों के लिए शुरू किया गया है। इसके बाद इसे प्राइवेट वाहनों के लिए शुरू किया जा सकता है। अभी सिर्फ कमर्शियल वाहनों पर इसका टेस्ट किया जा रहा है. अभी फास्ट टैग खत्म होने में वक्त लगेगा। नए सिस्टम के शुरू होने के बाद भी हाइब्रिड सिस्टम जारी रहेगा। हालांकि, कितने लेन जीएनएसएस के होंगे और कितने पुराने सिस्टम के ये अभी तय नहीं है। यद्यपि हर रोज 20 किलोमीटर की यात्रा फ्री में कर सकते हैं। अगर हाइवे पर 20 किलोमीटर से ज्यादा गाड़ी चलाते हैं तो उन्हें 20 किलोमीटर के बाद टोल देना होगा।

### क्या टोल प्लाजा भी होंगे?

अभी टोल प्लाजा पर जो FasTag सिस्टम टैक्स वसूली के लिए लागू हैं, वह रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) टैग्स पर काम करता है, जो कि ऑटोमेटिक टोल कलेक्ट करता है। लेकिन GNSS बेस्ड टोलिंग सिस्टम में वर्चुअल टोल होंगे. यानी टोल कहां है ये नजर नहीं आएगा और न ही इनपर रुकना होगा।

### जो मशीन होगी वो कैसी होगी?

अभी मशीन से जुड़ी ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है कि क्या इसके लिए इंटरनेट, चार्जिंग की जरूरत होगी या नहीं। हालांकि,मशीन गाड़ी के अंदर फिट फिट होगी। ये मशीन सभी लोगों को लगवानी होगी, जो जीएनएसएस की लाइन का इस्तेमाल करेंगे.अगर कोई गलत लेन में जाएगा वो दोगुना पैसा भरेगा। जिन गाड़ियों में ये सिस्टम होगा, उन लोगों के लिए दो तरह की लेन होगी इसे ताया जा गाने में करीब चार हजार का खर्च आ सकता है। ये सैटेलाइट सिस्टम GPS पर आधारित होगा. GPS के सहारे सैटेलाइट से टोल टैक्स लिया जाएगा. ये वाहनों में उनकी आवाजाही को ट्रैक करने के लिए स्थापित ऑन-बोर्ड यूनिट्स (OBU) का यूज करेगा. ये एक तरह से हाइवे पर चढ़ते ही एक्टिव हो जाएगा और उसके आधार पर टोल तय होगा।



# छोटे तालाब में अवैध रूप से पकड़ी जा रही है मछलियां





भोपाल। छोटे तालाब में अवैध रूप से मछली पकड़ने वालों का हुजुम रहता है, मगर प्रशासन बेखबर बना हुआ है।

### नियमितिकरण की मांग कर रहे अतिथि शिक्षकों को बड़ा झटका

## विभाग ने कहा: नहीं होंगे अतिथि नियमित, सिर्फ सीधी भर्ती में मिलेगा 25 फीसदी आरक्षण



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

लंबे समय से नियमितिकरण की मांग कर रहे प्रदेश के अतिथि शिक्षकों को स्कूल शिक्षा विभाग से ब?ा झटका मिला है। हाईकोर्ट के निर्देश पर अतिथि शिक्षकों की नियमित करने की याचिका का निराकरण करते हुए लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने अलग-अलग आदेश जारी किए गए हैं। जारी आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि विभाग ने तय किया है कि अब अतिथि शिक्षकों का नियमितीकरण नहीं होगा। सिर्फ सीधी भर्ती में 25 फीसदी का आरक्षण दिया जाएगा। आदेश में बताया कि मध्यप्रदेश राज्य स्कूल शिक्षा सेवा (शैक्षणिक संवर्ग) सेवा शर्तें एवं भर्ती नियम 2018 एवं संशोधित नियम 1 दिसंबर 2022 के अनुसार सीधी भर्ती से रिक्त पदों की पूर्ति हेतु नियम-8 के उपनियम (5) में शिक्षक पात्रता परीक्षा के उपरांत शिक्षक चयन परीक्षा के माध्यम से शिक्षक भर्ती का प्रावधान है। नियम 11 उपनियम 7 ख (चार) में अतिथि शिक्षकों के लिए शैक्षणिक संवर्ग अंतर्गत सीधी भर्ती के शिक्षकों के पदों के उपलब्ध रिक्तियों की 25 प्रतिशत रिक्तियां अतिथि शिक्षक वर्ग के लिए आरक्षित की जाएंगी। जिन उम्मीदवारों ने न्यूनतम तीन शैक्षणिक सत्रों और 200 दिवस मप्र शासन द्वारा संचालित शासकीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य किया है, उन अतिथि शिक्षकों के लिए आरक्षित पदों की पूर्ति नहीं हो पाने की स्थिति में रिक्त रहे पदों की अन्य पात्रता धारी अभ्यर्थियों से भरा जाएगा।

#### 71 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 71 हजार से अधिक शिक्षकों के पद खाली है। इन पदों के विरुद्ध अतिथि शिक्षक कार्य कर रहे है। इसमें से कई अतिथि शिक्षकों को स्कूलों में सेवाएं देते हुए पंद्रह साल तक का समय हो चुका है। इसे लेकर कई अतिथि शिक्षकों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर नियमित करने की मांग की थी। अतिथि शिक्षकों का कहना था कि वे शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण हैं तथा डीएड-बीएड भी हैं। तीन वर्ष से लेकर 15 वर्षों तक प?ाने का अनुभव है। अन्य राज्यों में अतिथि शिक्षकों को नियमित किया गया है। इस आधार पर मप्र में भी नियमित किया जाए। हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

## बिना कनेक्शन ठेकेदारों ने सजावट में साथ दिया तो रद्द होगा लाइसेंस

### ऊर्जा मंत्री का फरमान, पंडालों में लेना ही होगा कनेक्शन, नहीं तो कार्रवाही तय

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बिना कनेक्शन लिए टेंट ठेकेदारों ने दुर्गा पंडालों में साज-सज्जा की तो उनका लाइसेंस रद्द किया जाएगा, दोबारा लाइसेंस बहाल नहीं होगा। आयोजकों पर भी जुर्माने की कार्रवाही की जाएगी। यदि क्षेत्र में अधिक दबाव के कारण आम उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ा तो और सख्ती होगी।

यह फरमान ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने दी है। इतना ही नहीं, मंत्री ने विभाग को भी उत्सव के दौरान बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त रखने को कहा है। असल में इस बार मोहन सरकार भव्य रूप से दुर्गा व दशहरा उत्सव मनाने जा रही है। मठ-मंदिरों को सजाया जा रहा है। निर्माण कार्य की गति बढ़ा दी है। गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। कलेक्टरों को हिदायतें दी हैं कि वे मंदिरों की साज-सज्जा और धार्मिक कार्यों में समितियों की सहायता करने में कसर न छोड़ें। इस बीच दुर्गा पंडालों में चोरी की बिजली पर सख्ती बढ़ा दी गई है। बिना कनेक्शन के कोई पंडाल बिजली नहीं ले सकेंगे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा है कि अनाधिकृत बिजली के उपयोग से अधिक भार के कारण कई बार क्षेत्र के ट्रांसफार्मर खराब हो जाते हैं। दुर्घटना होने की आशंका रहती है। क्षेत्र के आम उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ता है।



#### ऑनलाइन भी ले सकते हैं अस्थाई कनेक्शन

अस्थाई कनेक्शन के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं। इसके लिए बिजली कंपनी के पोर्टल का उपयोग करना होगा। यहां बिजली कंपनी ने लिंक दी है, उसमें निर्धारित प्रपत्र में सही विद्युत भार को दर्शाते हुए मांगी गई जानकारी भरनी होगी। लाइसेंसी विद्युत ठेकेदार की टेस्ट रिपोर्ट लगानी होगी।

## सीवेज, ड्रेन चेंबर्स के ढक्कन बंद नहीं, ननि आयुक्त से रिपोर्ट तलब

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल शहर में पानी निकासी के लिए खोले गए सीवेज, ड्रेन चैंबर्स के ढक्कन अब तक बंद नहीं करने के मामले में संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त से जवाब तलब किया है। आयोग ने कहा है कि वह सीवेज-ड्रेन चैंबर के खुले होने-बंद करने की कार्यवाही का प्रतिवेदन 15 दिनों में मांगा है। आयोग के संज्ञान में आया है कि, भोपाल शहर के पॉलीटेक्निक चौराहे से बाणगंगा चौराहे की तरफ वाली स?क के किनारे बीआरटीएस यूटिलिटी डक्ट के बीस से ज्यादा ढक्कन खुले पड़े हैं। यूटीलिटी डक्ट के ढक्कन खुले पड़े होने के कारण वहां से आवाजाही करने वाले आम नागरिकों के लिये खतरा बना हुआ है और कभी-भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**जान जोखिम में डालकर स्कूल में पड़ रहे बच्चे:** सतना जिले के ऊंचेहरा तहसील के गुड़ा गांव में एक सरकारी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 570 से अधिक छात्रों को अपनी जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन में अध्ययन करना पड़ रहा है। इस संबंध में स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अन्य शिक्षकों ने जिला परियोजना समन्वयक को भवन की जर्जर हालत होने एवं इससे बच्चों को होने वाले खतरे के संबंध में पत्र लिखकर शिकायत भी की है। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही स्कूल के भवन के सुधार-मरम्मत के लिये क्या प्रयास किये गये है, जिससे कि बच्चों को भयमुक्त वातावरण में शिक्षा मिल सकें, इस संबंध में एक माह में प्रतिवेदन मांगा है।

## रक्तदान शिविर में संस्कार की भागीदारी रहेगी

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

निरंकारी रक्तदान शिविर में सहभागिता का आग्रह करने संत निरंकारी मिशन के प्रमुख महेश वीधानी संस्कार विद्यालय में शिक्षक-शिक्षिकाओं के बीच पहुंचे। संस्था के सचिव बसंत चेलानी ने मिशन के सेवा कार्यों को अनुकरणीय बताया। वीधानी ने रक्तदान शिविर की जानकारी देते हुए बताया कि रक्तदान शिविर 28 सितंबर प्रातः 09 बजे से सायं 05 बजे तक लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्कार स्कूल परिवार का हमेशा सेवा कार्यों में सहयोग किया जाता है। इस अवसर पर संत निरंकारी मंडल के सेवादारी अशोक नाथानी, लक्ष्मण नाथानी, विजय नाथानी, विद्यालय के प्राचार्य आर. के. मिश्रा, उपप्राचार्या मीनल नरयानी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## सेहत के लिए लघु नाटिका, भाषण से किया जागरूक



हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।

साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय द्वारा शासकीय माध्यमिक विद्यालय में 'संतुलित आहार, नियमित व्यायाम एवं योग' विषय पर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें अंतर्गत महाविद्यालय के विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों द्वारा भाषण तथा लघु नाटिका के माध्यम से स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम तथा योग का महत्व समझाया गया। विद्यार्थियों द्वारा सूर्यनमस्कार का प्रदर्शन भी किया गया । कार्यक्रम का संचालन अंजुलदादोरिया ने किया। बायोटेक विभाग की अर्चना चौहान द्वारा पी.पी.टी.के माध्यम से विषय की जानकारी दी गई। डॉ मधुलिका सिंह, प्राध्यापक डॉ अर्चना सिंह एवं डॉ सुप्रिया दास मौजूद रहीं।

## संतजी पर बनी फिल्म सेवा सुमिरन का प्रदर्शन कल

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत स्वामी हिरदारामजी के 119वें अवतरण दिवस के अवसर पर उनके प्रेरणादायी जीवन एवं चल रहे सेवा कार्यों पर बनी फिल्म 'सेवा सुमिरन' का प्रदर्शन 29 सितंबर को होगा। भारत विकास परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष कमल प्रेमचंदानी ने बताया कि फिल्म का प्रदर्शन राजधानी के रविंद्र भवन के हंस ध्वनि ऑडिटोरियम में शाम 6 बजे से फिल्म का प्रदर्शन होगा। फिल्म के सूत्रधार महाभारत के श्रीकृष्ण नीतीश भारद्वाज हैं, जो स्वयं भी फिल्म प्रदर्शन के अवसर पर उपस्थित रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एदल सिंह कसाना मंत्री, मप्र शासन होंगे। विशेष अतिथि महापौर मालती राय, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा एवं विधायक भगवानदास सबनानी उपस्थित रहेंगे। फिल्म का निर्देशन सुशांत सुधाकरन किया है। लेखक प्रबुद्ध सौरभ हैं। देवांश एंटरटेनमेंट मोहित शेवानी है और प्रोड्यूसर भरत सुरेश विधान हैं।

### संत कॉलेज में व्यावसायिक दक्षता के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम

## विशेषज्ञों ने लिंक्डइन प्रोफाइल बनाने के लिए टिप्स दिए

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज, भोपाल के ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा शुक्रवार को स्नातक तृतीय वर्ष और स्नातकोत्तर छात्राओं के लिए लिंक्डइन पर व्यावसायिक दक्षता के लिए प्रमाण पत्र कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मीनाक्षी कुमारी, सीनियर एसोसिएट मैनेजर, सी.एस.आर. स्किल्स, आई.बी.एम. स्किल्सबिल्ड सी.एस.आर. बॉक्स उपस्थित थी।

कार्यक्रम में कुमारी ने एक प्रभावी लिंक्डइन प्रोफाइल तैयार करने के लिए पहले स्वयं को जानने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्राओं को लिंक्डइन की विशेषताओं को समझने, रोजगार की रणनीतिक खोज करने, उद्योग की प्रवृत्तियों के साथ जागरूक बने रहने के लिए तथा प्रासंगिक संगठनों का अनुसरण करने के बारे में मार्गदर्शन दिया। सत्र में छात्राओं की सफलता के लिए लिंक्डइन का उपयोग करने, सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने और प्रोफाइल में अपनी शक्तियों को प्रदर्शित करने पर विशेष चर्चा की गई। छात्राओं को लिंक्डइन में क्या करने और क्या न करने के बारे में सलाह दी गई, जिसमें संक्षिप्त विवरण अनुभाग को सावधानी पूर्वक भरने, अपनी अद्वितीय विशेषताओं को उजागर करने और फर्जी रोजगार में फसने से बचने के लिए कम्पनियों को सत्यापित करने पर जोर दिया। कॉपीकैट रणनीति को भी पेश किया गया, जो छात्राओं को विभिन्न कंपनियों द्वारा दिए गए नौकरी प्रोफाइल के साथ अपने कौशल को श्रेणीबध्द करने में मदद करती है।



**मेट्रो एंकर**

### विधायक ने किया फ्लाइओवर एवं स्टेशन निर्माण कार्य का निरीक्षण

## बारिश के बाद तेजी से होगा एफओबी काम, फरवरी 2025 में बनकर हो जाएगा तैयार

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत हिरदाराम नगर के फाटक रोड पर बन रहे फ्लाइ ओवर निर्माण कार्य एवं संत हिरदाराम नगर स्टेशन के नवनिर्माण कार्य का शुक्रवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने निरीक्षण किया । इस अवसर पर डीआरएम भोपाल, लोक निर्माण विभाग, अपर आयुक्त नगर निगम,एसडीएम संत नगर सहित अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे । शर्मा ने बताया की पीडब्ल्यूडी के कार्यक्षेत्र का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, बारिश में रुके हुए रेल्वे क्षेत्र का कार्य फिर एक बार तेजी से शुरू किया गया है। संबंधित रेल्वे के अधिकारियों ने बताया कि फरवरी 2025 तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। शर्मा ने कहा की आर्मी-रेलवे एवं राजस्व के आपसी समन्वय के साथ इस पुल का निर्माण किया जा रहा है। दशकों पुरानी संतनगर की मांग को पूरा किया जा रहा है, दो लाख आबादी इससे सीधे तौर पर लाभ होगा।



#### थर्ड लेग से जुड़ेगा स्टेशन

विधायक ने बताया कि पहले इस फ्लाइओवर को इंदौर रोड से कैलाश नगर आदि क्षेत्र को जोड़ा जा रहा था अब इसे कैलाश नगर से स्टेशन तक थर्ड लेग के माध्यम से भी जोड़ा जाएगा इसके निर्माण में लगभग 8 करोड़ की राशि खर्च की जाएगी। इसके निर्माण से स्टेशन पहुंचने की सुगमता होगी।

#### हर 15 दिन में जानेंगे प्रोग्रेस

विधायक रामेश्वर शर्मा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं की अब हर 15 दिन में फ़्लाइओवर की प्रोग्रेस रिपोर्ट का अवलोकन करूँगा । बरसात चली गई है अब तेज़ी से काम करें।



# विश्व पर्यटन दिवस की योग-जुंबा और साइक्लोथन से हुई शुरुआत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत वोट क्लब पर योग, जुंबा और साइक्लोथन से हुई। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने 'पर्यटन और शांति' की थीम पर आधारित कई रोमांचक कार्यक्रमों का आयोजन किया । योग, जुम्बा और साइक्लोथॉन जैसी गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वस्थ रहने और पर्यटन के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। दिन की शुरुआत योग के साथ हुई। सुबह 6 बजे से 300 से अधिक लोगों ने योग और जुंबा सत्र में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लाभ लेने के साथ मजेदार डांस फॉर्म के माध्यम से मनोरंजन किया और एक-दूसरे के साथ मेल-जोल भी बढ़ाया। सुबह 8 बजे बोर्ड क्लब से साइक्लोथॉन में 500 से अधिक लोगों ने साइकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और साथ ही शहर के विभिन्न स्थलों को देखा। इसके अलावा सुबह 10 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक गोल घर में चित्रकला, रंगोली, पुष्प सजाबट व मेहंदी प्रतियोगिता चली। जिसके उपरांत दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक डीबी मॉल में फ्लैश मॉब व पर्यटन क्विज हुई। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) में ही दोपहर 3.40 से 3.50 तक फोटोग्राफी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण हुआ। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम व म्यूजिक बैंड द्वारा प्रस्तुति दी गई।

### सीएम ने स्टेट वाइल्ड लाइफ की बैठक में दी सहमति

# मप्र को जल्द मिलेंगे दो टाइगर रिजर्व, पहला रातापानी और दूसरा माधव राष्ट्रीय उद्यान

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

प्रदेश को जल्द ही दो और टाइगर रिजर्व मिलने वाले हैं। इनमें पहला रातापानी व दूसरा माधव टाइगर रिजर्व होगा। अभी रातापानी अभयारण्य व माधव राष्ट्रीय उद्यान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार रात को मुख्यमंत्री निवास पर हुई राज्य वन्यप्राणी बोर्ड की बैठक में माधव राष्ट्रीय उद्यान को रिजर्व बनाने की सहमति दी गई। जबकि रातापानी को रिजर्व बनाने की सहमति पहले ही दी जा चुकी है।

अभी प्रदेश में 7 टाइगर रिजर्व है, दो नए टाइगर रिजर्व के अस्तित्व में आने के बाद इनकी संख्या 9 हो जाएगी। रातापानी को इस साल के अंत तक व माधव को अगले वर्ष तक रिजर्व बनाने की कार्रवाही पूरी होगी।

**ये होगा फायदा:** अभी बांधवगढ़ जैसे टाइगर रिजर्व में कम लैंडबैंक में अधिक टाइगर है, नए रिजर्व बनते हैं तो ऐसे स्टेशानों पर बांधवगढ़ से बाघों को ले जाकर बसाया जा सकेगा। बाघों की सुरक्षा तो होगी ही, इन्हें हर संकट से बसाया जा सकता है। माधव नेशनल पार्क के रिजर्व बनने से कूनो में चीतों की सुरक्षा भी बढ़ जाएगी।

**इन प्रस्तावों को भी हरी झंडी:** बैठक में घायल वन्यप्राणियों को सुरक्षा पहुंचाने के लिए संभाग स्तर पर रेस्क्यू स्क्वायड बनेंगे। प्रदेश के जंगलों में पाई जाने वाली वन्यप्राणियों, पक्षियों व सांपों की प्रजाति को बसाने के पुन~प्रयास होंगे। सोन घड़ियाल अभयारण्य में अलग-अलग काम होंगे। जिन छोटे-छोटे कामों के लिए प्रस्ताव केंद्र भेजने पड़ते थे, उनकी अनुमतियां अब चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन स्तर से ही मिलेगी। इसके अलावा भी बोर्ड की बैठक में अन्य प्रस्तावों पर सहमति बनी।



### जब सीएम ने पूछा- रातापानी को रिजर्व बनाने में देरी क्यों की?

स्टेट वाइल्डलाइफ बोर्ड की बैठक में सीएम डॉ. यादव ने अधिकारियों से पूछ लिया कि पिछली बैठक में ही रातापानी को रिजर्व बनाने पर सहमति दे दी थी, तब देरी क्यों की। इसकी क्या वजह है इसका पालन क्यों नहीं किया गया। तब अधिकारियों ने बचाव वाला जवाब दिया। जिस पर सीएम ने कहा मेरे सामने बहाने नहीं चलेंगे जो भी प्रक्रिया बची है, उसे जल्द पूरा करें।

### चीता व बाघ को बसाया जा रहा

माधव राष्ट्रीय उद्यान शिवपुरी में बाघों को फिर से बसाया जा रहा है। इसी क्षेत्र से लगे कूनो उद्यान चीतों को बसाने की कवायद पहले से चल रही है। जिसको देखते हुए इसे रिजर्व बनाने की तैयारी की जा रही है। 37.233 वर्ग किमी वन्य क्षेत्र को कोर क्षेत्र और शिवपुरी के 1275.154 वर्ग किमी क्षेत्र को बफर क्षेत्र में शामिल करते हुए रिजर्व घोषित किया जाएगा। यहां वन्यप्राणी चिंकारा, चिकारे और चीतल की बड़ी संख्या में हैं। नीलगाय, सांभर, चौसिंगा, कृष्णमृग, स्लोथ रीछ, तेंदुए, लंगूर पाए जाते हैं। यहां से फिर से बाघों को बसाया जा रहा है। इसके लिए 3 बाघ छोड़े हैं। हाल ही में एक मादा बाघ ने शावक को जन्म दिया है। यहां 2 बाघ और छोड़े जाने हैं।

**रातापानी में लगातार हो रही बाघों की मौत:** रातापानी वन्यजीव अभयारण्य का क्षेत्रफल 823.065 वर्ग किलोमीटर है। इसमें 60 से अधिक बाघ होने का अनुमान है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने 2008 में इसे रिजर्व बनाने की सैद्धांतिक सहमति दी थी जिस पर बार-बार अड़ंगे लगते रहे। पिछले 15 वर्षों में यहां 12 तेंदुए और 8 से अधिक बाघों की मौत रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से हो चुकी है। बाघों के बढ़ते घनत्व को देखते हुए अभयारण्य को रिजर्व क्षेत्र घोषित करने की कवायद की जा रही है, इसके रिजर्व बनने से भोपाल समेत आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन बढ़ेगा, रोजगार के अवसर भी खुलेंगे।

# ओएसडी व उनकी पत्नी को नर्मदापुरम भेजा एसटीआर फील्ड डायरेक्टर को हटाया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक बनाए जाने के बाद भी लंबे समय से सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में फील्ड डायरेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे एल कृष्णमूर्ति को वन विभाग ने आखिरकार भोपाल बुला लिया है। उन्हें वन्यप्राणी विभाग में जिम्मेदारी दी है।

जबकि वन विभाग में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी (ओएसडी) अशोक कुमार को नर्मदापुरम वन वृत्त का मुख्य वन संरक्षक (सीसीएफ) बनाया है तो वहीं उनकी पत्नी एवं सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल की सीसीएफ राखी नंदा को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व (एसटीआर) का जिम्मा दिया है। एसटीआर का मुख्यालय भी नर्मदापुरम ही है। सरकार ने शुक्रवार को भारतीय वन सेवा (आइएफएस) के 29 अन्य अधिकारियों के तबादले किए हैं।

| अधिकारी | वर्तमान पदस्थिति | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| ओपी चौधरी | पीसीसीएफ, कार्या. व वन बल प्रमुख | पीसीसीएफ कार्य आयोजना एवं वन भू-अभिलेख, वन मुख्यालय |
| मनोज अग्रवाल | एपीसीसीएफ, राज्य लघुवनोपज संघ | एपीसीसीएफ (कार्य आयोजना एवं वन भू-अभिलेख), कार्यालय पीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख |
| एल कृष्णमूर्ति | फील्ड डायरेक्टर एसटीआर | एपीसीसीएफ वन्यप्राणी |
| लखनलाल उइके | सीसीएफ, शहडोल वृत्त | सीसीएफ, सामाजिक वानिकी वृत्त, |
| अशोक कुमार, | विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, वन विभाग | सीसीएफ नर्मदापुरम वृत्त राखी नन्दा, सीएफ, सामाजिक वानिकी वृत्त, भोपाल- फील्ड डायरेक्टर, एसटीआर |
| संजीव झा | सीएफ, छतरपुर वृत्त | सीएफ, राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) |
| अजय पाण्डेय | सीएफ, कार्य आयोजना, छतरपुर | सीएफ, शहडोल वृत्त |
| अनिल शुक्ला | सीएफ, नर्मदापुरम वृत्त | सीएफ, राज्य वन विकास निगम, भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) |
| आलोक पाठक | सीएफ, भोपाल | सीएफ राज्य वन विकास निगम भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) |
| बासु कनौजिया | सीएफ, सिवनी | सीएफ, बैतूल वृत्त |
| झितिज कुमार | डीएफओ सीधी (सा.) | विशेष कर्तव्यस्थ अधि. वन विभाग |
| प्रियांशी सिंह | डीएफओ, अशोकनगर (सा.) | उप संचालक माधव राष्ट्रीय उद्यान, शिवपुरी |
| विपिन पटेल | डीएफओ सतना (सा.) | डीएफओ अनूपपुर सामान्य |
| अभिनव पल्लव | डीएफओ, उत्तर बालाघाट (सा.) | डीएफओ, उत्तर बालाघाट (उत्पादन) वनमण्डल |
| प्रभुदास ग्रेबियल | उप वन संरक्षक, कार्यालय पीसीसीएफ भोपाल | डीएफओ उज्जैन (सा.) |
| महेन्द्र सिंह उइके | डीएफओ, दमोह (सा.) वनमण्डल | डीएफओ, उ.सिवनी(सा.) वन मंडल |
| नवीन गर्ग | उप वन संरक्षक, ईको पर्यटन बोर्ड | डीएफओ उत्तर बैतूल (सा.) वन मं. |
| मयंक चांदीवाल | डीएफओ शाजापुर (सा.) | डीएफओ सतना (सा.) |
| जरान्डे रामहरि | डीएफओ पश्चिम छिंदवाड़ा (सा.) | डीएफओ दमोह (सा.) |
| साहिल गर्ग | डीएफओ डिंडौरी (सा.) | डीएफओ पश्चिम छिंदवाड़ा (सा.) |
| अधर गुप्ता | उपवन संरक्षक रेंजर कॉलेज बालाघाट | डीएफओ दक्षिण बालाघाट (सा.) |
| रमेश राठौर | उपवन संरक्षक, कार्यालय पीसीसीएफ एवं वन बल प्रमुख | डीएफओ खरगौन (सा.) |
| पुनीत सोनकर | डीएफओ, दक्षिण पन्ना (सा.) | डीएफओ, डिडौंरी (सा.) |
| प्रतिभा अहिरवार | उप संचालक, माधव रा. उद्यान,शिवपुरी | डीएफओ, अशोकनगर (सा.) |
| मोहम्मद माज़ | डीएफओ, भिण्ड (सा.) | डीएफओ, दतिया (सा.) |
| स्वरूप दीक्षित | डीएफओ, मुरैना (सा.) | उप वन संरक्षक, ईको पर्यटन विकास बोर्ड |
| अनुपम शर्मा | डीएफओ, रीवा (सा.) | डीएफओ, दक्षिण पन्ना (सा.) |
| लोकप्रिय भारती | डीएफओ, रायसेन (उत्पादन) | डीएफओ, भोपाल (सा.) |
| गीतांजली जे. | प्रशिक्षु उपवनम. अधिकारी, गुना (सा.) | उप वन संरक्षक, राज्य लघुवनोपज संघ, भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) |
| सुजीत जे पाटिल | प्रशिक्षु भावसे उप वनमण्डल अधिकारी, बरमान, नौरादेही (वन्य प्राणी) | डीएफओ, मुरैना (सा.) |
| एस. दीपिका | प्रशिक्षु भावसे पश्चिम छिंदवाड़ा (सा.) | उप वन संरक्षक, राज्य वन विकास निगम, भोपाल (प्रतिनियुक्ति पर) |

# वनरक्षकों के वेतन से की जा रही वसूली !

### वन कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**भोपाल।** मप्र कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि वन विभाग के वंरक्षकों के वेतन से लाखों की वसूली करने के वित्त विभाग के आदेश पर रोक लगाई जाए । मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया है कि विभाग का वनरक्षक भी तृतीय श्रेणी संवर्ग का कर्मचारी है तथा वन विभाग का वनरक्षक पद सीधी भर्ती का पद है। विभाग वंरक्षकों के पदों पर सीधी भर्ती कर्मचारी चयन मंडल भोपाल से करता है जबकि त्त विभाग के स्पष्ट नियम है कि वर्ष 2006 के बाद नियुक्त तृतीय श्रेणी कर्मचारियों को 1900 ग्रेड पे एवं 5680 रुपए का वेतनमान का लाभ दिया जाए लेकिन वन विभाग में 2006 के बाद नियुक्त वंरक्षकों को 1900 ग्रेड पे एवं 5680 के वेतनमान का लाभ देने के 10 वर्ष बाद वसुली करने के आदेश वित्त विभाग में जारी किए हैं जो व्यावहारिक नहीं है तथा कर्मचारी विरोधी है। कर्मचारी मंच वन विभाग ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि पहले सरकार वित्त विभाग के उक्त आदेश एवं वन विभाग के वंन रक्षक भरती सेवा नियमों की जांच शासन के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति से कराई जाए तब तक के लिए वंरक्षकों के वेतन से की जा रही वसुली पर रोक लगाई जाए।

# बीयू: बी.लिब एवं एम. लिब की प्रायोगिक परीक्षा के निर्देश

**भोपाल।** बरकतउल्ला विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में बी.लिब एवं एम. लिब सत्र 2023-24 की प्रायोगिक परीक्षाएं अभी तक आयोजित नहीं की गई हैं। इसके साथ ही सतत आंतरिक मूल्यांकन, प्रोजेक्ट एवं मौखिकी परीक्षाओं के आयोजन भी नहीं किए गए हैं। अब बीयू इन परीक्षाओं को कराकर उनके अंक वेबसाइट पर जल्द अपलोड करने के निर्देश जारी किए हैं। बीयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा संबद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्य को जारी निर्देशों में कहा है कि विवि द्वारा नियुक्त बाह्य परीक्षकों के सहयोग से अधिसूचना जारी होने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर प्रायोगिक परीक्षाएं आयोजित कर अंक प्रविष्टि की जाए।

**मेट्रो एंकर** — ड्रोन पर सवार, सरकार के नवाचार

# सभी कलेक्टरो को ड्रोन टेक्नॉलाजी में नवाचार के लिए मिलेंगे 10-10 लाख





**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने ड्रोन टेक्नॉलाजी में तेजी से आगे बढने व सभी कलेक्टर और जिला ई- गवर्नेंस मैनेजर, जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी ड्रोन में नवाचार, प्रयोगों, पायलट आदि को बढ़ावा देने के लिए जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी को प्रति वर्ष रुपये 10 लाख की राशि ड्रोन में नवाचार के लिए अधिकृत कर दिया गया है। ड्रोन टेक्नॉलाजी में नवाचार, प्रयोगों, पायलट पर होने वाला व्यय जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी के कोष से वहन किया जायेगा। इस संबंध में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने आदेश जारी कर दिये हैं।

उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले ही पीएम नरेंद्र मोदी ने ड्रोन दीदी का अभियान व्यापक पैमाने पर चालू किया है। इस को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार तेज़ी के साथ आगे बढ़ रही है। एमपी पोस्ट के मुताबिक मप्र में आगामी वर्षों में हजारों ड्रोन पायलटों की जरूरत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा है कि केंद्र और मध्यप्रदेश सरकार के कई मंत्रालय ड्रोन सेवाओं की मांग बढ़ाने पर काम कर रहे हैं। ड्रोन टेक्नॉलाजी को बढ़ावा देने में मध्यप्रदेश अग्रणी राज्य बने इसीलिए पूरे प्रदेश के लिए 5 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत करते हुए सभी कलेक्टर और जिला ई- गवर्नेंस मैनेजर,जिला ई- गवर्नेंस सोसायटी को 10 लाख रुपये व्यय करने के लिए आदेश दे दिए गए है।

मध्यप्रदेश शासन ने ड्रोन नीति में संशोधन एवं ड्रोन टेक्नोलॉजी का सुशासन सेवाओं में नागरिकों को त्वरित सेवा उपलबध कराने में उपयोग के उद्देश्य से उपाय सुझाने के लिए प्रमुख सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की अध्यक्षता में टॉस्क फोर्स का गठन किया गया है । 12वीं पास व्यक्ति को ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिए जाने की प्रक्रिया शुरू करने की दिशा में सरकार काम कर रही है । इसके लिए कॉलेज की डिग्री की जरूरत नहीं है। सिर्फ दो-तीन माह के प्रशिक्षण के बाद कोई व्यक्ति ड्रोन पायलट बन सकता है और मासिक 35 ,000 हजार रुपये से अधिक का वेतन पा सकता है। ड्रोन पायलटों के क्षेत्र में काफी अवसर हैं।

ड्रोन टेक्नॉलजी के उपयोग से कृषि, बागवानी, वन, उद्योग और गृह विभाग के काम आसान हो जाएंगे। खेतों-बगीचों में कीटनाशकों या फफूंदनाशकों का मिनटों में सुरक्षित तरीके से छिड़काव कर सकेंगे,जंगलों में माफिया पर नजर रखी जा सकेगी, आग लगने की सूचना भी मिलेगी। राज्य के अति दुर्गम क्षेत्रों में दवाएं पहुंचाने का काम करेगा ड्रोन,ट्रैफिक को नियंत्रित करने और अपराधियों को पकड़ने में भी मददगार होगा। विद्यार्थियों को भविष्य के लिए तैयार कर ड्रोन क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध होंगे।



## संपादकीय

# वैसी ही परिस्थितियां

जैसी परिस्थितियां कभी झारखंड या दिल्ली में बनीं कमोबेश वैसी ही सियासी स्थिति कर्नाटक में बनने की स्थिति लग रही है। जहां मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से जुड़े एक मामले में मंगलवार को आया कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसला पहली नजर में कांग्रेस और सिद्दारमैया सरकार के लिए झटका है। तो मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने स्वाभाविक ही इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग तेज कर दी है। इसके अलावा कर्नाटक सरकार द्वारा सीबीआई जांच की सिफारिश को भी वापस लेने से भाजपा को हमला करने का बल मिल गया है।भाजपा का कहना है कि कांग्रेस, भ्रष्टाचार की दुकान हो गई है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री भ्रष्ट है, जो खुद को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ महीने पहले दिल्ली में भी यही सियासी स्थिति बनी थी। जहां भाजपा केजरीवाल के इस्तीफे की मांग उठा रही थी। हालांकि देखा जाए तो हाईकोर्ट का यह फैसला कर्नाटक के मुख्यमंत्री की भूमिका पर कोई सीधी टिप्पणी नहीं है। कोर्ट के सामने सवाल यह था कि मुख्यमंत्री के खिलाफ जांच को मंजूरी देने का राज्यपाल का फैसला सही है या नहीं। कोर्ट ने कहा कि राज्यपाल आम तौर पर कैबिनेट की सलाह के मुताबिक ही काम करते हैं, लेकिन अपवाद के तौर पर कुछ मामलों में वह अपने विवेक से फैसला कर सकते हैं। मौजूदा मामला हाईकोर्ट के मुताबिक अपवाद की श्रेणी में आता है। हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह रास्ता खुल गया है कि इस मामले में जांच की कार्रवाई आगे बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री दोषी हैं या नहीं, यह तो जांच के बाद साफ होगा। इस वक्त तो सिर्फ पक्ष और विपक्ष में किए जा रहे दावे हैं, जिनके आधार पर कोई ठोस नतीजा नहीं निकाला जा सकता। मगर मुख्यमंत्री के खिलाफ किसी मामले में जांच शुरू होना भी कोई छोटी बात नहीं है। इसके साथ यह सवाल भी जुड़ जाता है कि क्या संबंधित व्यक्ति के मुख्यमंत्री पद पर बने रहते हुए सरकारी एजेंसियां निष्पक्ष जांच कर पाएंगी। यही वजह है कि हाईकोर्ट के इस फैसले के बाद मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग को बल मिल गया है। हालांकि अभी हाईकोर्ट के इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील का विकल्प बाकी है। बहुत संभव है कि मुख्यमंत्री सिद्दारमैया और कांग्रेस पार्टी इस मसले पर अपना रुख बदलने से पहले सुप्रीम कोर्ट की राय सामने आने का इंतजार करें। हाल के वर्षों में जहां राजनीतिक दलों से जुड़े नेताओं और सरकार चला रहे लोगों के खिलाफ आरोपों और विवादों में तेजी आई है, वहीं इन विवादों पर संबंधित पक्षों से एकदम अलग-अलग तरह की प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। हाल के ऐसे दो चर्चित मामले देखें तो झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जेल जाने से पहले पद छोड़ दिया और जमानत पर छूटने के बाद वापस पद पर काबिज हो गए। दूसरी ओर, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में रहते हुए पद पर बने रहे और जमानत पर बाहर आने के बाद पद से इस्तीफा दे दिया। ऐसे हर मामले में राजनीति के अलग-अलग समीकरण देखे जा सकते हैं। ये मामले देश की लोकतांत्रिक चेतना के अलग-अलग पहलुओं का भी परिचय देते हैं। इसके बरक्स कर्नाटक का घटनाक्रम भी दिलचस्पी पैदा करता है। यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच घात प्रतिघात की राजनीति भी चलेगी। कर्नाटक के चुनाव में काफी वक्त है लेकिन इसके पहले कई मोड आते जाते रहेंगे।

नीच की नम्रता अत्यंत दुखदायी है, अंकुश, धनुष, सांप और बिल्ली झुककर वार करते हैं।

**- महर्षि वाल्मीकि**

## निशाना

### तेजी से प्रचार !



धुआंधार रैली और ।
तेजी से प्रचार ।।
अपनी और पार्टी की ।
है लानी बहार ।।
धीरे-धीरे बढ़कर ।
आ गए नजदीक ।।
है अब पूरी कोशिश ।
प्रहार हो सटीक ।।
उसी दिशा में अग्रसर ।
है लगाया जोर ।।
बढ़ जाए मुनाफा ।
रहे आज झकझोर ।।
खोलेंगे फिर पत्ते ।
हो जाए बस जीत ।।
रहा कुरेद बार बार ।
अपना जो अतीत ।।

**–कृष्णेन्द्र राय**

# असहाय भाव से मुक्त कीजिए युवाओं को

**■ विश्वनाथ सचदेव**

अपने हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे। उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए। उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था। मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे। तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैंज' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है।' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है।

उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर। खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं। खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है। खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं! कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है। सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती। होनी भी नहीं चाहिए। सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे। कुछ सपने होंगे इनके भी। निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा। क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं है...'



सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है। अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए यह आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए।

हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं। ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए। आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है। कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे। यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं!

बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं। किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले। जब व्यक्ति को चाहने और प्रयास करने पर भी अपनी योग्यता और क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं मिलता, तो अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी अपना सिर उठाने लगती है। दावे या वादे भले ही कुछ भी किए जा रहे हों, सच्चाई यह है कि आज देश का युवा अपने आप को असहाय पा रहा है। यह स्थिति बदलनी ही चाहिए।

इस बात की अवहेलना नहीं होनी चाहिए कि बेरोज़गारी अंततः विकास की दर को कम करती है और अर्थव्यवस्था में विकास को धीमा बनाती है। इसका सीधा असर गरीबी के स्तर पर पड़ता है। और इसका मतलब होता है कुपोषण को बढ़ावा। यह एक ऐसा दुष्चक्र है जो सारे गणित गड़बड़ा देता है।

यह मानना गलत होगा कि हमारे नेतृत्व को यह सब पता नहीं है। बेरोज़गारी जैसी समस्या कोई छिपी हुई बात नहीं है। सब इस बात से वाकिफ हैं और सब जानते हैं कि हमारा युवा देश इस दुष्चक्र का शिकार बन रहा है। भारत में युवाओं की संख्या दुनिया के सभी देशों से अधिक है। हमारी 75 प्रतिशत से अधिक आबादी की आयु 35 वर्ष से कम है। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि हमारी काम करने की क्षमता अधिक है। सवाल इस क्षमता के सही और समुचित उपयोग का है। बेरोज़गारी के आंकड़े बताते हैं कि ऐसा हो नहीं रहा।सवाल पूछा जाना चाहिए कि क्या हम इस स्थिति से निपटने के लिए वह सब कर रहे हैं जो अपेक्षित है? क्या हमारी प्राथमिकताओं में देश की युवा आबादी के लिए पर्याप्त काम की व्यवस्था का उचित स्थान है? हरियाणा में सफाई कर्मचारी के पद के लिए आवेदन करने वालों की संख्या तो यही बता रही है कि इस प्रश्न का उत्तर 'हां' नहीं है।

वे कौन-से मुद्दे हैं जो हमारे नेतृत्व को आज महत्वपूर्ण लग रहे हैं? इस प्रश्न का एक उत्तर हमारे राजनेताओं के बयानों में आए दिन सामने आ रहा है। हालिया चुनावों की बात ही कर लें। स्पष्ट दिख रहा है कि हमारे नेतृत्व के लिए मंदिर-मस्जिद, जातियों का वोट बैंक, सड़कों और शहरों का नामकरण, लंबी सड़कें, तेज़ गति वाले वाहन, ऊंची मूर्तियां, गगनचुम्बी इमारतें आदि वरीयता में कहीं ऊपर आते हैं। आम चुनावों में हमने स्पष्ट देखा कि मुद्दे ऐसी ही बातों तक सीमित रहे। करता रहे विपक्ष महंगाई और बेरोज़गारी की बात, वोट मुफ्त बिजली, मुफ्त अनाज, नकद राशि आदि की दुहाई देकर मांगे गए। हरियाणा में उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोज़गारों की आपदा चुनाव का मुद्दा नहीं बनी, इसे सिर्फ त्रासदी के रूप में ही समझा जाना चाहिए। हरियाणा का सच देश के बाकी राज्यों की भी कहानी सुनाता है। हाल ही में राजस्थान में लगभग 25 हजार सफाई कर्मचारियों की भर्ती के लिए नौ लाख से अधिक युवाओं ने आवेदन भरे थे! ये युवा हमसे अपना अधिकार मांग रहे हैं। कब मिलेगा उन्हें अपनी योग्यता के अनुसार काम करने का अधिकार?

**(साभार : लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# हिंदू धर्म और विश्व : विराट सांस्कृतिक वैभव और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का मार्ग

**■ डॉ प्रशांत बड़थ्वाल**

हिंदुत्व जो प्रत्येक हिंदू की अंतरआत्मा में निहित है वह केवल एक धार्मिक विचारधारा नहीं है, बल्कि एक जीवनशैली, एक दर्शन और एक सामाजिक व्यवहार है जो हजारों वर्षों से हिंदू समाज का मार्गदर्शन करता आया है। हिंदुत्व केवल एक धर्म का नहीं, बल्कि एक जीवनशैली, एक विचारधारा और एक गहन सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है।यह हिंदू समाज की आत्मा में निहित विचारधारा है, जो उसे उसकी परंपराओं, रीति-रिवाजों और मान्यताओं से जोड़ती है। हिंदुत्व को अक्सर एक संकीर्ण परिप्रेक्ष्य में देखा जाता है, जहां इसे कट्टरवाद या अन्य धर्मों के प्रति असहिष्णुता के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। परंतु सच्चाई इससे कहीं अधिक व्यापक और गहन है।

हिंदुत्व का अर्थ केवल धर्म या धार्मिक अनुष्ठानों से संबंधित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण हिंदू संस्कृति, परंपराओं, सामाजिक व्यवस्थाओं और जीवन के सभी पहलुओं को समाहित करता है। सावरकर ने इसे व्यापक रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि हिंदुत्व का मतलब %हिंदू होना% नहीं है, बल्कि वह भावना है जो हिंदू समाज को एकजुट करती है। यह दर्शन न केवल धार्मिक मूल्यों पर आधारित है, बल्कि सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी गहरे रूप से जड़ित है। वामपंथी इतिहासकारों ने अक्सर हिंदुत्व को धर्म के संकीर्ण दृष्टिकोण से देखा है, जो कि हिंदुत्व की वास्तविक व्यापकता को समझने में असमर्थता दर्शाता है। हिंदुत्व किसी एक धर्म या पंथ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति की समग्रता का प्रतीक है, जिसमें जीवन के सभी क्षेत्रों में समरसता और संतुलन की भावना को महत्व दिया गया है। हिंदुत्व की अवधारणा सदियों पुरानी है। यह केवल धार्मिक आस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि भारतीय सभ्यता की सांस्कृतिक धरोहर, रीति-रिवाजों, परंपराओं और दर्शन का मूल स्रोत है। प्राचीन काल से ही हिंदू धर्म ने 'सर्वधर्म समभाव' और 'वसुधैव कुटुंबकम्' जैसे विचारों को अपने केंद्र में रखा है। हिंदुत्व इसी उदारता और समावेशी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है।

भारत के सांस्कृतिक एकीकरण के संदर्भ में यह विचारधारा महत्वपूर्ण है, जहां विभिन्न भाषाओं, जातियों और धर्मों के बावजूद एक गहरी सांस्कृतिक एकता है। वामपंथी इतिहासकारों द्वारा यह कहा गया है कि हिंदुत्व एक आधुनिक औपनिवेशिक निर्माण है और इसका इतिहास में कोई ठोस आधार नहीं है। यह धारणा हिंदुत्व के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आधार की गलत समझ पर आधारित है। प्राचीन ग्रंथों और वैदिक साहित्य में जो विचारधाराएं प्रस्तुत की गई हैं, वे स्पष्ट रूप से हिंदुत्व के विचार को समर्थन देती हैं। यज्ञ, तप, ध्यान, और दान जैसे धार्मिक कार्यों के माध्यम से एक व्यक्ति को व्यक्तिगत और सामाजिक उन्नति के मार्ग पर प्रेरित किया गया। ये कार्य केवल धर्म के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र जीवनशैली के रूप में देखे गए, जो हिंदुत्व का मूल सिद्धांत है।

हिंदुत्व की जड़ें वैदिक काल से लेकर आज तक की भारतीय सभ्यता में फैली हुई हैं। वैदिक काल में आर्य समाज के मूल्यों और आध्यात्मिक विचारधारा के माध्यम से हिंदुत्व का विकास हुआ। इसके बाद, महाकाव्यों, जैसे कि रामायण और महाभारत, ने हिंदू समाज को धार्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक दिशा दी। भक्ति आंदोलन और वेदांत दर्शन ने हिंदुत्व की आध्यात्मिक गहराई को बढ़ावा दिया, जबकि विभिन्न सामाजिक सुधार आंदोलनों ने इसे समयानुसार परिष्कृत किया। यह तथ्य ध्यान देने योग्य है कि वामपंथी इतिहासकार अक्सर भारतीय इतिहास के इस महान विकास को विकृत करने का प्रयास करते हैं, इसे सांप्रदायिक दृष्टिकोण से देखने का प्रयास करते हुए। जबकि सच्चाई यह है कि हिंदुत्व के मूल में सार्वभौमिकता, सहिष्णुता और विविधता के प्रति सम्मान है। भारत की हजारों वर्षों की सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराएं इस बात का साक्षात्कार करती हैं कि हिंदुत्व का विकास शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और विविध धार्मिक मान्यताओं के सम्मान पर आधारित रहा है। वामपंथी इतिहासकार हिंदुत्व को अक्सर एक संकीर्ण और कट्टरवादी विचारधारा के रूप में प्रस्तुत करते रहे हैं। उनकी यह धारणा है कि हिंदुत्व भारतीय समाज में साम्प्रदायिकता और विभाजन को बढ़ावा देता है। वे इसे एक ऐसी विचारधारा के रूप में देखते हैं जो गैर-हिंदू समुदायों के प्रति असहिष्णु है और भारत की बहुलवादी पहचान के लिए खतरा है। लेकिन यह दृष्टिकोण हिंदुत्व के वास्तविक स्वरूप को गलत ढंग से समझने का परिणाम है। वास्तव में, हिंदुत्व का उद्देश्य संपूर्ण भारतीय समाज को एकजुट करना है। यह सभी धर्मों और मान्यताओं के प्रति सहिष्णुता और सम्मान का प्रचार करता है। हिंदुत्व के अनुसार, भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक विविधता उसकी सबसे बड़ी ताकत है, और यह विविधता सह-अस्तित्व की भावना के आधार पर संरक्षित और संवर्धित होनी चाहिए। वामपंथी इतिहासकारों का यह तर्क कि हिंदुत्व विभाजनकारी है, वस्तुतः हिंदुत्व की वास्तविकता से दूर है। उनका मानना है कि यह विचारधारा केवल हिंदू धर्म की श्रेष्ठता को प्रोत्साहित करती है और अन्य धर्मों के प्रति असहिष्णु है। लेकिन यह दृष्टिकोण ऐतिहासिक तथ्यों और



हिंदुत्व की वास्तविक परिभाषा से परे है। हिंदुत्व की जड़ें उस समावेशी परंपरा में हैं, जो विभिन्न धर्मों और संस्कृतियों को आत्मसात करने की क्षमता रखती है।

हिंदुत्व ने कभी भी विभाजन की राजनीति को प्रोत्साहित नहीं किया; बल्कि इसका उद्देश्य हमेशा से एक अखंड और समावेशी समाज की स्थापना रहा है। हिंदुत्व केवल धार्मिक या सांस्कृतिक पहचान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भारत के राष्ट्रीय चरित्र का एक अभिन्न अंग है। गांधी से लेकर विवेकानंद तक, सभी ने भारतीय संस्कृति और हिंदू दर्शन को राष्ट्रीय पुनर्जागरण के संदर्भ में देखा है। हिंदुत्व ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को भी प्रेरित किया और भारतीय समाज को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वामपंथी इतिहासकार इस तथ्य को अनदेखा करते हैं कि हिंदुत्व ने भारतीय राष्ट्रवाद को एक नई दिशा दी और इसे उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद के खिलाफ संघर्ष में प्रेरित किया। वे हिंदुत्व के इस पक्ष को दरकिनार करते हैं और इसे केवल सांप्रदायिकता के चश्मे से देखते हैं। परंतु सच्चाई यह है कि हिंदुत्व का उद्देश्य न केवल धार्मिक जागरूकता बढ़ाना है, बल्कि भारतीय समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में पिरोना है।

हिंदुत्व की एक विशेषता यह है कि यह सहिष्णुता और विविधता का सम्मान करता है। हिंदुत्व में एक ही परब्रह्म की अलग-अलग स्वरूपों में उपासना की जाती है, और यह बहुलवाद भारतीय समाज की आत्मा में गहराई से रचा-बसा हुआ है। हिंदुत्व का दर्शन यह सिखाता है कि सभी पंथ और विचारधाराएँ एक ही परम सत्य की ओर ले जाती हैं। यह सहिष्णुता और समावेशिता हिंदुत्व के मूल में है, जो वामपंथी इतिहासकारों के कट्टरता के आरोपों को खारिज करता है। वास्तव में, हिंदू समाज ने ऐतिहासिक रूप से यह साबित किया है कि वह विभिन्न धर्मों, संस्कृतियों और जातियों को स्वीकार करता है और उन्हें समाहित करने की क्षमता रखता है। भारत में पारसी, यहूदी, बौद्ध, जैन, सिख और मुस्लिम समुदायों का समृद्ध इतिहास इस बात का प्रमाण है कि हिंदुत्व सह-अस्तित्व और सहयोग का प्रतीक है। वामपंथी आलोचनाओं के विपरीत, हिंदुत्व का उद्देश्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जिसमें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक पहचानें एक-दूसरे के साथ शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व में रहें। आधुनिक भारत में हिंदुत्व ने न केवल सांस्कृतिक पुनर्जागरण में योगदान दिया है, बल्कि समाज के विभिन्न क्षेत्रों में भी सुधार किए हैं। हिंदुत्व आधारित संगठनों ने शिक्षा, स्वास्थ्य, और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारतीय समाज में महिलाओं के अधिकार, दलितों और पिछड़े वर्गों के उत्थान, और पारिवारिक मूल्यों की पुनर्स्थापना में भी हिंदुत्व की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वामपंथी इतिहासकारों द्वारा हिंदुत्व को केवल सांप्रदायिकता और राजनीति से जोड़ना गलत है। हिंदुत्व ने भारतीय समाज के समग्र विकास में योगदान दिया है और यह केवल एक राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि एक सामाजिक आंदोलन भी है। भारतीय संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप, हिंदुत्व भारतीय समाज में समता, स्वतंत्रता, और बंधुत्व की भावना को बढ़ावा देता है। अंततः, हिंदुत्व प्रत्येक हिंदू की आत्मा में गहराई से निहित है, अविभाज्य संबंध है। यह केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। वामपंथी इतिहासकारों ने इसे जिस प्रकार से विकृत किया है, वह न केवल गलत है, बल्कि भारतीय सभ्यता के मूल्यों और आदर्शों के खिलाफ भी है। हिंदुत्व न केवल हिंदुओं के लिए, बल्कि संपूर्ण भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत है, जो सहिष्णुता, समरसता, और विविधता को महत्व देता है। आधुनिक भारत के संदर्भ में, हिंदुत्व एक सकारात्मक विचारधारा के रूप में उभर कर सामने आया है, जो भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित और संवर्धित करता है। इसे केवल राजनीति या सांप्रदायिकता के चश्मे से देखने की बजाय, इसे भारत की आत्मा और उसकी सांस्कृतिक पहचान के प्रतीक के रूप में स्वीकार किया जाना चाहिए।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1838- भारत के आखिरी मुगल सम्राट बहादुरशाह ज़फ़र की पिता के मृत्यु के बाद ताजपोशी।
- 1887- चीन के ह्वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
- 1923- इथोपिया ने राष्ट्रसंघ की सदस्यता छोड़ी।
- 1928- अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
- 1950- इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60 वां सदस्य बना।
- 1958- फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
- 1994- एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 लोगों की मृत्यु।
- 1997- अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र 'मीर' से जुड़ा।
- 2000- सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़िताब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।
- 2001- अमेरिका व ब्रिटिश सेना एवं सहयोगियों ने 'ऑपरेशन एंड्योरिंग फ्रीडम' प्रारम्भ किया।
- 2003- यान रूस की धरती पर सुरक्षित उतरा।
- 2004- विश्व बैंक ने भारत को विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था कहा।
- 2006- जापान के नव निर्वाचित एवं 90वें प्रधानमंत्री के रूप में शिंजो एबे ने शपथ ली।
- 2007- मेक्सिको के तटीय क्षेत्रों में चक्रवर्ती तूफ़ान लोरेंजो ने भारी तबाही मचाई।
- 2009- स्टार खिलाड़ी सानिया मिर्ज़ा पैन पैसिफिक ओपन के पहले राउंड में हार के बाद बाहर हुई।
- 2012- बृजेश मिश्र- भारत के पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार का निधन।
- 2015- वीरेन डंगवाल- हिन्दी के प्रसिद्ध कवि का निधन।

# वार्षिक साधारण सभा के आयोजन में महिलाओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प, जनपद सीईओ हेमंत सूत्रकार ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जनपद पंचायत के सभाकक्ष में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित आदर्श महिला शक्ति संकुल स्तरीय संगठन की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार विशेष रूप से उपस्थित थे. कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई. साधारण सभा के माध्यम से संकुल स्तरीय संघ द्वारा विगत वित्तीय वर्ष में एवं चालु वित्तीय वर्ष में किए गए समस्त प्रकार के लेखा-जोखा एवं ऑडिट रिपोर्ट व सीएलएफ द्वारा किए समस्त प्रकार के व्यय एवं आय संबंधी एवं व्योरा सीएलएफ के मैनेजर एवं लेखापाल द्वारा प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में पूर्व के जो पदाधिकारी थे अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष सचिव सह सचिव इनका परिवर्तन किया गया. पूर्व में पुष्पा कटारे ग्राम जासलपुर जो की सीएलएफ की अध्यक्ष थी एवं सुरेखा कटारे पूर्व सचिव उर्मिला मेहरा कोषाध्यक्ष , माया चौरे उपाध्यक्ष , शर्मिला मेहरा सह सचिव इनका कार्यकाल पूर्ण होने के उपरांत नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया. चुनाव साधारण सभा में उपस्थित सीएलएफ की समस्त कार्यकारिणी के द्वारा बहुमत देकर किया गया जिसमें सर्वसम्मति से दमयंती वर्मा को नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोनीत किया गया तथा उपाध्यक्ष के रूप में मैंना राजपूत को चुना गया, सचिव के रूप में वंदना चौरे को चुना गया, रजनी पटेल को सर्वसम्मति से कोषाध्यक्ष चुना गया है इसी प्रकार से सह सचिव के रूप में तारा राजपूत एवं कृष्णा वर्मा निर्वाचित को किया गया. साधारण सभा के दौरान विभिन्न प्रकार के खेल गीत एवं अन्य गतिविधियों की गई.कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने वाली स्व सहायता समूहों सी आर बैंक सखी कृषि सखी पशु सखियों को शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया। सम्मेलन में स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत सभी उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता संबंधी शपथ दिलाई गई.



### ग्राम पंचायत जासलपुर में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# ई-कोर्ट सेवा मोबाईल एप्लीकेशन से सेवाओं का लाभ उठाएं : शशि सिंह

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशो के पालन में एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण / प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश के मार्गदर्शन एवं सचिव / जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शशि सिंह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शिवचरण पटेल के आतिथ्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा ग्राम पंचायत भवन ग्राम जासलपुर में विधिक साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त साक्षरता शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव/जिला न्यायाधीश श्रीमती शशि सिंह द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की नालसा गरीबी उन्मूलन योजनाओ, नेशनल लोक अदालत के लाभ, मीडिएशन, आदि के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी गणो को जानकारी प्रदान की। इसके अलावा सचिव / जिला न्यायाधीश श्रीमती शशि सिंह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री शिवचरण पटेल द्वारा ग्रामीणो को विवाद विहीन ग्राम योजना 2000 के बारे में जानकारी देते हुए भी उन्हे अपने गांव को विवाद मुक्त करने हेतू प्रोत्साहित किया एवं मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी और बताया कि जमीनी विवाद, फौजदारी विवाद एवं पारिवारिक विवाद को किस तरह से आपसी समझाईश एवं सामन्जस्य के माध्यम से समाधान किया जा सकता हैं एवं उनके द्वारा कानूनी प्रक्रिया में पक्षकारो को होने वाली आर्थिक, मानसिक, कठिनाईयो एवं लोक अदालत एवं मध्यस्थता से होने वाले लाभ के बारे में कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी गण को जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त सचिव / जिला न्यायाधीश श्रीमती शशि सिंह एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट शिवचरण पटेल द्वारा ग्राम-जासलपुर की सरपंच, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता एवं ए.एन.एम. से शासकीय योजनाओ के लाभ एवं गांव के बच्चो एवं महिलाओ के स्वास्थ के बारे में जानकारी ली तथा बच्चो के पोषण एवं कुपोषण के संबंध में भी जानकारी ली।

सचिव/जिला न्यायाधीश श्रीमती शशि सिंह द्वारा उक्त शिविर एवं जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणो को रासायनिक उर्वरक का उपयोग करने से होने वाली गंभीर बीमारियो के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रासायनिक उर्वरक ना केवल मानव शरीर के लिये नुकसान दायक है अपितु उसके उपयोग से भूमि की उर्वरक क्षमता पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है, रासायनिक उर्वक से कैंसर जैसी गंभीर बीमारियो का सामना करना पड़ सकता है, इसके अलावा ग्रामीणो को जैविक कृषि करने हेतू प्रोत्साहित किया और उन्हे बताया कि जैविक कृषि, कृषि करने की एक प्राकृतिक तकनीक है, इससे मृदा की उर्वरक क्षमता पर कोई विपरित प्रभाव नही पड़ता हैं और पर्यावरण को भी कोई नुकसान नही पहुंचता है। साथ ही ग्रामीण जन को ई-कोर्ट सेवा मोबाईल एप्लीकेशन से 24म07 सेवाओं का लाभ उठानें हेतु प्रेरित किया गया।

उक्त शिविर एवं कार्यक्रम में श्रीमती शशि सिंह, सचिव / जिला न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम, शिवचरण पटेल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नर्मदापुरम, सतीश तिवारी चीफ लीगल एड डिफेन्स काउन्सल, श्री मंगल सिंह परिहार असिस्टेन्ट लीगल एड डिफेन्स काउन्सल, ग्राम सरपंच नीलू मेहरा, सुपरवाईजर जानकारी चौरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सीता चौरे, सुषमा सिंह, आशा कार्यकर्ता ज्योति सैनी, मीरा कोरी एवं सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



# जीनियस प्लेनेट स्कूल में हुआ विवेक सागर का सम्मान



**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

हाल ही में चीन में आयोजित एशियन चैंपियनशिप 2024 में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के उप कप्तान विवेक सागर प्रसाद क्रो जीनियस प्लानेट स्कूल के सभागार में स्कूल मेनेजमेंट एवं शहर के अन्य खेल एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया द्य इस अवसर पर पत्रकार कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव भारद्वाज भी उपस्थित रहेद्य कार्यक्रम की शुरुआत में विवेक सागर का जोरदार स्वागत स्कूल संचालकद्व जाफर सिद्दीकी और मनीता सिद्दीकी प्राचार्य विशाल शुक्ला और स्कूल के संरक्षक मो. यूनिस सिद्दीकी एवं स्कूल समिति सदस्य जिला हॉकी संघ कोषाध्यक्ष सर्वजीत सैनी द्वारा किया गया द्य इसके पश्चात् शहर के विभिन्न खेल जिसमें इटारसी क्रिकेट संघ एवं एवं लक्ष्य एकेडमी के सदस्य अमित जायसवाल, आर. के पांडेय, चंचल पटेल, अतुल फाइटर फुटबॉल क्लब के मेंटर निपुण गोठी, भागवत सिंह राजपूत, गोलू मालवीय, जिला बेडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष अरुण जायसवाल, सचिव शशांक चतुर्वेदी, कोच सावन भेरुआ, शशांक राव, उड़ान श्री वेलफेयर सोसाइटी एवं ब्राइट एकडमी के संस्थापक आशीष भदौरिया द्वारा विवेक सगार क्रो स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य स्कूल मैनेजमेंट द्वारा भी विवेक सागर क्रो शाल श्री फल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया द्य सम्मान के प्रारम्भ में जिला बैडमिंटन संघ द्वारा विवेक क्रो केशरिया साफा बांधा गया द्य जिसने विवेक सागर के सम्मान में चार चाँद लगा दिए द्य विवेक ने स्कूल के बच्चों क्रो मोटीवेट करते हुए कहा की खेल और स्टडी का संतुलन और जीवन में अनुशासन होना जरुरी है द्य यही संतुलन और अनुशासन जीवन में सफलता पाने का मंत्र है द्य शिव भारद्वाज जी ने इटारसी में वर्षों पहले हॉकी प्रतियोगिता और पुराने खिलाडियों को याद करते हुए उनके खेल के बारे में बताया और विद्यार्थियों को अनुशासन में रहकर विवेक सागर से प्रेरणा लेना चाहिएद्य मौलाना यूनिस सिद्दीकी जी ने अमरज्योति क्लब से जुड़े मैचों को याद किया और कुछ यादगार मैच के पल को याद किया।

# नर्मदा कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा विवेकानंद घाट पर चलाया गया स्वच्छता अभियान




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय नर्मदा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अमिता जोशी के मार्गदर्शन में रैली निकली गई । अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान देशव्यापी जन आंदोलन का रूप ले चुका है। स्वच्छता हमारी आदत बन जाना चाहिए। तत्पश्चात रैली रवाना की ।रैली सतरास्ता से इंदिरा चौक पानी की टंकी होते हुए विवेकानंद घाट पर पहुंची। वहां पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। घाट के तट की साफ-सफाई की गई फिर कचरे को इकट्ठा करके एक जगह जलाया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ महेश मानकर, एवं डॉ एस के दिवाकर ,डा यास्मीन खान, स्नेहा दुबे नितिन सोनी ,उमेश सेन एवं बड़ी संख्या में एन एस एस एवं एन सी सी तथा स्पोर्ट्स के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### नपा की इको फ्रेन्डली बैठक

**इटारसी।** पर्यावरण में सुधार की दिशा में नगर पालिका का अभियान जारी है। लगातार लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के नुकसान बताते हुए इसके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के अनुरोध, जागरुकता कार्यक्रम के अलावा जुर्माने की कार्रवाई भी की जाती रही है। नगर पालिका स्वयं के कार्यक्रमों में भी इसे लागू करती है। इस बार भी नगर पालिका परिषद की बैठक को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त रखा गया और करीब 50 से 60 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोका है। नगर पालिका परिषद की बैठक में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बिलकुल भी नहीं किया गया। पूरी बैठक में किसी भी तरह की सिंगल उसे प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया। इसके स्थान पर पीने के पानी के लिए कांच के गिलास, चाय के डिस्पोजल की जगह चीनी के कप, खाने की थाली में स्टील की थाली, चम्मच का उपयोग किया। खास बात यह रही कि उनके उपयोग से कम से कम 50 से 60 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक का कचरा उत्पन्न होता, उस कचरे को उत्पन्न होने से बचाया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती ऋतु मेहरा ने कहा कि लोगों को भी कपड़े के थैले का उपयोग करने और सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरुक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबके लिए है जरूरी-सिंगल यूज प्लास्टिक से दूरी।

### पर्यटन दिवस पर नर्मदा कॉलेज में कई कार्यक्रम हुए

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।** शुक्रवार को जिले में पर्यटन स्थलों पर विश्व पर्यटन दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी तारतम्य में नर्मदापुरम के शा नर्मदा महाविद्यालय में पर्यटन दिवस के अवसर पर कॉलेज में सबसे पहले सभी ने एकत्रित होकर कॉलेज परिसर में साफ-सफाई की। साथ ही सभी छात्र छात्राओं द्वारा पर्यटन थीम अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराए गए पोस्टर बनाये गए, पर्यटन स्थलों पर निबंध लेखन, भाषण एवं स्लोगन प्रतियोगिता की गई।

E-mail id- mobhopal@gmail.com

## कार्यालय कलेक्टर ( खनिज शाखा ) जिला भोपाल

क्रमांक/1687/खनिज / 2024 भोपाल, दिनांक 20/09/2024

म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम, 18 ( 1 - क ) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा / पूर्वेक्षण अनुज्ञप्ति ( जो भी लागू हो ) प्राप्त करने के लिए,

### प्रथम सूचना

यह सूचित किया जाता है कि श्री आदित्य सिंह आ0 श्री एस. एन. सिंह पता एल आई जी 151 कोटरा सुल्तानबाद जिला भोपाल म.प्र. द्वारा खनिज मुरूम उत्खनिपट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 11.09.2024 को प्रस्तुत किया गया है। दिनांक 20.10.2024 तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा / पूर्वक्षण अनुज्ञप्ति आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन ई-खनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किये जायेंगें ।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकबा | भूमि का प्रकार शासकीय / निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भोपाल | हुजूर | गोल | 54 ( एस ) | 1.550 हे. | शासकीय | मुरूम | हेक्टे. कुल रकबा 1.550 |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक ( कार्यालयीन समय सायं 05.30 बजे तक ) ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुनः 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगें। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

**सहा. खनि अधिकारी**
**जिला भोपाल**

**मेट्रो एंकर** सीएमओ सहित नपा अधिकारियों ने किया शांतिधाम में पौधरोपण

# सीएमओ को दिया आईएसओ 2024 सर्टिफिकेट




**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के इकलौते सर्व सुविधायुक्त शांति धाम शमशान घाट द्वारा शुक्रवार को नगर पालिका परिषद इटारसी की मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा को आईएसओ सर्टिफिकेट 2024 प्रदान किया गया। समिति के कोषाध्यक्ष रोटेरियन दीपक अग्रवाल एवं समिति के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे ने सीएमओ ऋतु मेहरा का शांतिधाम में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया एवं आईएसओ सर्टिफिकेट भेंट किया।

उल्लेखनीय है कि राय साहब परिवार द्वारा श्मशान घाट के उपयोग के लिए दी गई जमीन पर बने हिंदु शमशान घाट का संचालन रोटरी क्लब, नगर पालिका एवं दानदाता नागरिकों के सहयोग से किया जाता है। अपनी व्यवस्थाओं और सुविधाओं के लिए प्रदेश भर में इटारसी का शमशान घाट प्रसिद्ध है। इन्ही विशेष सुविधाओ और व्यवस्थाओं के लिए लगातार 2012 से श्मशान घाट जनभागीदारी समिति को आईएसओ सर्टिफिकेट प्राप्त हो रहा है। इस वर्ष भी 2024 का आईएसओ 9001-2015 सर्टिफिकेट समिति को प्राप्त हुआ जिसे सीएमओ नपा ऋतु मेहरा को सौंपा गया क्योंकि नपा के सहयोग से ही शमशान का संचालन किया जाता है। इस अवसर पर सीएमओ ऋतु मेहरा, सहायक यंत्री मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री मुकेश जैन, मयंक अरोरा, स्वास्थ्य विभाग कर्मी कमलकांत बडगोती सहित नपा के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। सीएमओ मेहरा ने शांतिधाम में वृक्षारोपण किया जिसमे उन्होंने अपने हाथो से आम का पौधा रोपा और उसके संरक्षण का संकल्प लिया।

सीएमओ मेहरा को समिति के कार्यकारी सदस्य प्रमोद पगारे एवं शांति धाम समिति के कोषाध्यक्ष रोटेरियन दीपक अग्रवाल ने शमशान में लगातार जारी विकास कार्यों से अवगत कराया एवं भ्रमण कराया।

## सिरोंज का डाकघर अतिक्रमणकारियों का शिकार

# डाक विभाग के तीनों ओर अतिक्रमण जनता परेशान, कब होगी कार्यवाही

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

भारत सरकार के एकमात्र शासकीय ऑफिस जिससे जनता का सीधा संबंध होता है। डाकघर जो सिरोंज तहसील का एकमात्र बड़ा डाकघर है जिसमें सैकड़ों लोग प्रतिदिन नगदी जमा, निकासी व डाक से संबंधित कई कार्य करने के लिए डाकघर में जाते हैं किंतु डाकघर के दोनों दरवाजों के ऊपर अतिक्रमण कार्यों के द्वारा अतिक्रमण किए जाने के कारण व लोगो द्वारा वाहन पार्किंग करने के कारण दरवाजे बंद की स्थिति में रहते हैं ।



गौरतलब है कि वार्ड न 5 में स्थित पोस्ट आफिस के दोनो प्रवेष द्धार पर स्थानीय लोगों द्धारा लगभग 5 फिट की गुमठियॉ रखली गई है ओर गुमठीयों के आगे हाथ ठेले लगाए लिए है जिसके चलते पोस्ट आफिस की दीवार से लगी सड़क पर लगभग 10 फिट अतिक्रमण एक ओर हो गया है तो वही सड़क की दूसरी ओर भी हाथ ठेले खड़े होने के कारण मुख्य सड़क मात्र चंद फिट कि नज़र आ रही है इस अतिक्रमण के कारण लोगो का इस मार्ग से निकलना दूभर हो गया है। जिससे आम जनता को ,जो की डाकघर के ग्राहक होते हैं अपने वाहन पार्किंग करने के लिए तथा डाकघर की सेवाएं लेने के लिए बहुत परेशान होना पड़ता है । जनहित में डाकघर के तीनों ओर से अतिक्रमण हटना बहुत आवश्यक है।

### महिलाओं का यहां से निकलना दूभर

यदि बात इस मार्ग पर निकलने वाले वाहनों की करें तो पहले यहां से चार पहिया वाहन आसानी से निकल जाते थे परंतु अब दोनो ओर हुए अतिक्रमण के कारण मात्र दो पहिया वाहन ही बड़ी परेषानी से निकलते है इसके अलावा यदि महिलाओं की बात करें तो इस मार्ग पर चाय की गुमठियों द्धारा रोड पर कुर्सिया रख देने के कारण महिलाओं का यहां से निकलना परेषानी का सबब बन गया है।

जब इस संबंध में सिरोंज पोस्ट ऑफिस के सब पोस्टमास्टर राजेंद्र खोड़के से जानना चाहा तो उन्होंने कहा की हमने उक्त समस्या की निराकरण के लिए अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज को व मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिरोंज को लिखा है। कार्रवाई होना अभी अपेक्षित है, जिससे ही इस अतिक्रमण से जनता परेशान है न हों। अतिक्रमण के इस मामले को लेकर एसडीएम हर्षल चौधरी का कहना है कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जावेगी।

### पूर्व में भी कई बार उठ चुका है यह मुददा

गौरतलब है कि पूर्व में हुई शांति समिति की बैठकों में स्थानीय लोगों ने अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज को भी इस अतिक्रमण से अवगत कराया जा चुका है, परंतु सरकारी रोड पर



अवैघ रूप से गुमठियॉ और उनके आगे लगे हाथ ठेलो के अतिक्रमण पर अब तक माननीय मौन है इसके अलावा नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी प्रेस द्वारा इस बात से अवगत कराया जा चुका है, परंतु जनहित के लिए होने वाले इस कार्य में आज तक नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों ने भी अपनी जिम्मेदारी नही समझी।

# एक ही रॉयल्टी पर दिन-रात दौड़ते हैं खनिज से भरे डंपर, हो रहा राजस्व का नुकसान




**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

क्षेत्र में खनिजों अवैध उत्खनन और परिवहन कर खनिज माफिया शासन को लाखों के राजस्व का नुकसान पहुंचा रहें हैं। जिम्मेदार अधिकारी आंख मूंद कर बैठे हुए हैं। अवैध कोपरे के डंपर शहर में दौड़ रहे हैं।

शहर के चारों ओर खनिज - माफिया ने अपना कब्जा जमा रखा है। बगैर रॉयल्टी के डंपर शासकीय कार्यालय के सामने से भी बेधक होकर निकलते हैं। इसी प्रकार नए बस स्टैंड के अलावा, लटेरी मार्ग, भोपाल मार्ग, इमलानी मार्ग और आरोन रोड पर भी धड़ल्ले से अवैध खदानों पर भूमाफिया अवैध उत्खनन परिवहन से शासन को लाखों का राजस्व को नुकसान हो रहा है। शहर से खनिज विभाग का कार्यालय करीब 85 से 90 किलोमीटर दूर होने का फायदा उठाते हैं। सिरोंज में भू-माफिया की पकड़ इतनी मजबूत है कि खुलेआम शहर में दिन-रात दौड़ते हैं। डंपर तहसील से कुछ दूरी पर कॉलोनीयों मे जाकर खाली हो रहे

है। भू-माफिया को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है या अधिकारियों का तालमेल भी गहरा है।

### इनका कहना है

यदि कहीं उत्खनन किया जा रहा है और बिना रॉयल्टी के मुरम, कोपरा परिवहन किया जा रहा है तो हम कार्रवाई करेंगे।
–संजय चौरसिया, तहसीलदार

यदि कोई वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन करता है या तेज गति से चला रहा है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी।
– रितेश बघेल, सूबेदार यातायात पुलिस

# देवी मां महामाई के दरबार में नवरात्रि महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष महामाई मंदिर पर शारदीय नवरात्रि उत्सव में नगर की आराध्य देवी मां महामाई के दरबार में आयोजित होने वाले नौ दिवसीय चामुंडा महायज्ञ एवं नित्य होने वाले आयोजन की तैयारियों की तैयारियों को लेकर महामाई सेवा समिति की बैठक गुरूवार रात्रि में पचकुइयां स्थित शीतला माता मंदिर पर आयोजित की गई।

परंपरानुसार डांगवाली मैया के उत्सव को नगरवासियों के सहयोग से भव्यता से मनाने के लिए आयोजित बैठक में महामाई सेवा समिति के संरक्षक उमाकांत शर्मा ने






महामाई मंदिर के नित्य आयोजनों एवं व्यवस्थाओ को लेकर समिति के सदस्यो को दायित्वों का वितरण करते हुए कहा हम प्रतिवर्ष महामाई मंदिर पर शरदीय नवरात्रि महोत्सव भव्य तरीके से मनाते चले आ रहे है। मैया के प्राचीन मंदिर प्राचीन मंदिर प्रतिवर्ष नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर ज्योतिषिचार्य एवं महामाई के प्रधान पुजारी आचार्य नलिनीकांत जी के मार्गदर्शन में महामाई पर श्री चामुण्डा दुर्गा महायज्ञ आयोजित किया जाता रहा है, आस्था और विश्वास के कारण अनेकों श्रद्धालुगण नित्य पैदल चलकर जल मैया को जल चढ़ाने के लिए तो आते ही है लेकिन अब यहां बड़ी संख्या में आसपास के शहरो एवं दूरदराज शहर के श्रद्धालु भी सपरिवार नवरात्रि में मैया के दर्शन के लिये आने लगे हैं। ऐसे में सभी श्रद्धालुओं को सुविधाजनक दर्शनों के साथ किसी प्रकार की असुविधा न हो और नित्य आरती के उपरांत प्रसादी का वितरण हो। उन्होंने बताया की शारदीय नवरात्रि उत्सव इस बार 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 11 अ अक्टूबर को दशहरे के साथ संपन्न होगा। इस दौरान मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करने से जहां मनोकामनाएं पूरी होती हैं और घर परिवार में सुख-शांति का भी वास होता है।

# विधायक ने निर्माण कार्यों का लिया जायजा

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने गुरूवार को नगर में चल रहे विकास कार्यों जैसे बस स्टैंड निर्माण, गौशाला निर्माण, पार्क निर्माण एवं अन्य कार्यो का औचक निरीक्षण किया।



पत्रकारों से बात करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि विकास कार्य तो अच्छे हो रहे है। परंतु विकास कार्यों की गति मंदी है। सभी कार्यो को जल्दी पूरा कराया जाए ताकि मेरी जनता गौमाता को परेशानियों का सामना न करना पड़े। वहीं पत्रकारों द्वारा जब वनविभाग की बात की तो उन्होंने स्पष्ट शब्दो में वनविभाग की निंदा की और कहा कि इसमें सबकी मिलीभगत है। उनकी ही मिलीभगत से हमारे जंगल नष्ट हो रहे है एवं में आपके माध्यम से उनके सबसे वरिष्ठ अधिकारियों से अनुरोध करता हूँ कि इस और ध्यान दे और मिले जुले अधिकारियों कर्मचारियों पर कार्यबाहिया सुनिश्चित करे। जब विधायक का अमला जनपद पंचायत कार्यालय में पहुंचा तो विधायक ने नाराजगी व्यक्त की और हाजरी रजिस्टर में लगभग एक दर्जन कर्मचारियों की अनुपस्थिति लगाई और जमकर फटकार लगाई खुले शब्दों में कहा कि मेरी क्षेत्र की जनता को परेशान न करे अन्यथा अंजाम बुरा होगा अपनी कार्यप्रणाली को सुधारें और चल रहे व होने वाले कार्यो की समीक्षा कर मुझे अवगत कराएं। विधायक को सामने देख कर्मचारी इधर उधर बचते नजर आए। फोन पर ही जनपद सीईओ को दिए दिशा निर्देश दिए। इस दौरान विधायक शर्मा के साथ बरिष्ठ भाजपा नेता, जनप्रतिनिधिगण एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी, थाना प्रभारी, अधिकारी, कर्मचारी थे।

# विधायक उमाकांत शर्मा ने निवास पर लगाया जनता दरबार, सुनी समस्याए

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

शुक्रवार को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने अपने गृह निवास पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्या सुनी , जिसमें अधिकांश समस्याओं का निराकरण विधायक शर्मा के द्वारा तुरंत मौके से ही संबंधित अधिकारियों को फोन लगाकर किये गए एवं शेष समस्याओं के निराकरण पत्र के माध्यम से निदान करने की बात कहीं इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग अपनी अपनी विभिन्न विभागों से संबंधित समस्या लेकर जनता दरबार में पहुंचे ।



ज्ञात हो कि सिरोंज के विधायक उमाकांत शर्मा लगातार जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से लोगो के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओ को सुलझाने के लिये प्रयासरत रहते है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, परियोजना अधिकारी तथा पर्यवेक्षक को लापरवाही बरतने पर नोटिस

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विभागीय व अन्य अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किये जाने के तारतम्य में महिला एवं बाल विकास महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के केन्द्र पर अनुपस्थित रहने पर सेवा समाप्ति का नोटिस जारी किया गया है।



जिला कार्यक्रम अधिकारी भरत सिंह राजपूत द्वारा विदिशा विकासखंड के आंगनबाड़ी केन्द्र कागपुर क्रमांक-1 एवं 2 तथा विकासखण्ड नटेरन के आँगनवाडी केन्द्र महू क्रमांक-1 एवं 2 का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाडी केन्द्र महू क्रमांक-2 की कार्यकर्ता, सहायिका अनुपस्थित पाईं गईं। केंद्र बंद पाया गया, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती संध्या कुशवाह सिरोंज में निवास करती हैं तथा इनके द्वारा अपने घर सदस्यों के साथ स्व सहायता समूह का गठन कर, केन्द्र पर पोषण आहार का कार्य कराया जा रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को सेवा से पृथक करने तथा सहायिका का 15 दिवस का मानदेय काटने का निर्देश दिये हैं। श्री सिंह द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों की उपस्थिति बढाने एवं साफ-सफाई रखने के निर्देश दिये गये हैं। परियोजना अधिकारी बाल विकास परियोजना नटेरन तथा सेक्टर पर्यवेक्षक को भी आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में लापरवाही बरतने पर नोटिस जारी किया गया है

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के निर्देशों के परिपालन में खाद्य पदार्थों का परीक्षण जारी

# मिलावट से मुक्ति अभियान के तहत कार्यवाही, लटेरी में निरीक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन में विदिशा जिले में खाद्य पदार्थों का परीक्षण कार्य सतत जारी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से सैंपल एकत्रित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाने की कार्यवाही करने के साथ-साथ आम नागरिकों व विद्यार्थियों को खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट संबंधी जानकारी प्रदाय की जा रही है।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती एडलिन ई पन्ना द्वारा माधव गंज जिला विदिशा की दुकानों का निरीक्षण किया है। खाद्य कारोबारकर्ता विजय ट्रेडर्स माधव गंज विदिशा से खाद्य पदार्थ तुअर दल, चावल, मूंग दाल का सैंपल एकत्रित किया गया, तथा खाद्य कारोबार कर्ता बजरंग किराना माधव गंज विदिशा से खाद्य पदार्थ चना दाल, तुअर दाल, मसूर दाल , मूंग दाल आदि के सैंपल एकत्रित किए गए।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कस्बाध् ग्राम देवखजूरी की किराना दुकानों का निरीक्षण किया । खाद्य कारोबार कर्ता महाकाल किराना से खाद्य पदार्थ हटसन घी, लाल मिर्च पावडर, चॉकलेट, मूंग दाल, तथा महेंद्र किराना स्टोर देव खजूरी से खाद्य पदार्थ नमस्ते इंडिया घी, कुकिंग मीडियम, रवा, लस्सी आदि के सैंपल एकत्रित किए।

### लटेरी में लिये नमूने

तहसील लटेरी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती किरण एम श्रीवास्तव द्वारा निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थ घी, पनीर, आदि के नमूना जांच हेतु एकत्रित किए गए। एकत्रित किए गए खाद्य पदार्थों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।

### न्यायालय द्वारा अर्थदंड का आदेश

पूर्व में लिए खाद्य पदार्थ जो जांच उपरांत अवमानक, मिथ्याछाप पाए गए थे उक्त खाद्य कारोबारकर्ता के खिलाफ न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किया गए थे। माननीय न्यायालय द्वारा, राजकुमार नेमा, गोपाल स्वीट्स विदिशा पर पचास हजार, सत्यनारायण बैरागी आदि विदिशा पर अस्सी हजार, मानसिंह कुशवाह नटेरन विदिशा पर चालीस हजार, आकाश जैन त्योंदा जिला विदिशा पर दस हजार के अर्थदंड का आदेश पारित किया गया है।

# सोशल मीडिया पर हो रहे फ्रॉड से कैसे बचें सहित अन्य आवश्यक जानकारियों से अवगत कराया

**सिरोंज।** विदिशा में पुलिस विभाग साइबर सेल एवं खेल विभाग द्वारा साइबर सिक्योरिटी व्याख्यान का आयोजन किया गया। साइबर सुरक्षा व्यवस्था से लेकर मोबाइल कंप्यूटिंग तक विभिन्न संदर्भ में लागू होता है। आज तकनीकी के युग में साइबर क्राइम, साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी होना अति आवश्यक है। पुलिस विभाग के बृजेश जैन जी द्वारा छात्राओं को साइबर क्राइम क्या है ? साइबर सिक्योरिटी, सोशल मीडिया पर हो रहे फ्रॉड साइबर क्राइम से कैसे बचा जा सकता है ? डिजिटल अरेस्ट क्या होता है उसमें कैसे बचा जाए, साइबर सिक्योरिटी संबंधी बेवसाइट जिस पर जाकर हम कैसे शिकायत कर सकते हैं इत्यादि की जानकारी प्रदान की गई। साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स अरविंद यादव द्वारा छात्राओं को मोबाइल हैकिंग, बैंक खातों में हो रहे फ्रॉड एवं मोबाइल गुम होने पर ऑनलाइन किस प्रकार शिकायत करते हैं। मोबाइल पर आने वाले मेल या लिंक पर क्लिक न करें। सोशल मीडिया पर कि किसी तरह की व्यक्तिगत फोटो रिकॉर्ड शेयर ना करें आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की। खेल विभाग से बृजेश श्रीवास्तव, दर्शन दुबे एवं श्रीमती सपना शर्मा ने छात्राओं को साइबर सिक्योरिटी संबंधित जानकारी के लिए प्रोत्साहित किया।

**साइबर सिक्योरिटी व्याख्यान का आयोजन हुआ**



# कप्तान के कंधों पर टीम को चैंपियन बनाने का दारोमदार

## महिला टी-20 विश्व कप : 3 अक्टूबर से यूएई में होगा टूर्नामेंट

**नई दिल्ली. एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 3 अक्टूबर से खेले जाने वाले आइसीसी टी-20 महिला विश्व कप की शुरुआत में अब सिर्फ एक सप्ताह शेष रह गया है। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली सभी 10 टीमें अपनी तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगी हैं। मौजूदा चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की नजरें खिताब बचाने और लगातार चौथी बार चैंपियन बनने पर है। वहीं, 2020 की उपविजेता भारतीय टीम पर भी सभी की नजरें टिकी हैं। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम की कोशिश पहली बार चैंपियन बनने पर होगी। सबसे अधिक दबाव कप्तानों पर होगा, जिनके ऊपर अपनी-अपनी टीमों को खिताब जिताने का दारोमदार होगा।

31 विकेट झटके, 316 रन भी बल्ले से ठोके: 22 वर्षीय फातिमा को पहली बार पाकिस्तान टीम की कप्तानी मिली है। पाक टीम का रेकॉर्ड टी-20 विश्व कप में अच्छा नहीं रहा है और वह कभी सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना सकी है।




### ये तीन टीमें ही अब तक बनीं चैंपियन

**ऑस्ट्रेलिया का दबदबा:** टी-20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा रहा और उसने सर्वाधिक 6 बार खिताब जीता। ऑस्ट्रेलियाई टीम सिर्फ एक बार फाइनल में हारी, जब 2016 में उसे वेस्टइंडीज ने हराया था। स्कॉटलैंड की टीम ने इतिहास रचा और पहली बार आइसीसी के किसी टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। टीम की कमान कैथरीन ब्रेस के पास है। यह टीम किसी को भी चौंका सकती है।

**दक्षिण अफ्रीका :** टीम पहली बार 2023 में फाइनल तक पहुंची लेकिन खिताब जीतने से चूक गई। इस बार टीम नई कप्तान लॉरा वोल्वाडार्ट की अगुआई में उतर रही है, जो बेहतरीन बल्लेबाज हैं। 2009 में शुरुआत- आइसीसी महिला टी-20 विश्व कप की शुरुआत 2009 में हुई। इंग्लैंड ने मेजबानी की व न्यूजीलैंड को लॉर्ड्स में हराकर पहली बार खिताब जीता था। इसके बाद इंग्लैंड कभी चैंपियन नहीं बनीं।

- **हरमनप्रीत कौर :** टी-20 में दुनिया की सबसे अनुभवी कप्तान में से हैं। वह लगातार चौथी बार इस टूर्नामेंट में कप्तानी करने उतरेंगी। भारतीय टीम 2020 में फाइनल तक पहुंची लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई। ऐसे में उन पर टीम को खिताब दिलाने की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने 1 शतक और सात अर्धशतक कुल लगाए हैं। इसके अलावा 119 टी-20 में अब तक 2067 रन बना चुकी है।
- **हीथर नाइट :** लगातार चौथी बार विश्व कप में टीम की कप्तानी कर रही हीथर नाइट पर टीम को 2009 के बाद चैंपियन बनाने की चुनौती होगी। इसके अलावा, बतौर बल्लेबाज भी उनके ऊपर शानदार प्रदर्शन करने का दारोमदार रहेगा। न्यूजीलैंड की टीम काफी बदकिस्मत रही है और दो बार (2009, 2010) लगातार फाइनल में पहुंचने के बावजूद खिताब नहीं जीत सकी।
- **एलिसा हीली :** विकेटकीपर एलिसा हीली लगातार सातवीं बार टी-20 विश्व कप में खेलने उतरेंगी और ऑस्ट्रेलिया की पिछली तीन खिताबी जीत का हिस्सा रही हैं। वह पहली बार विश्व कप में कप्तानी कर रही हैं और उनके ऊपर टीम को चैंपियन बनाने का दबाव होगा।

## इंग्लैंड ने लगातार दूसरा वनडे 186 रन से जीता

**लंदन. एजेंसी**

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही 5 मैचों की वनडे सीरीज रोमांचक हो गई है। इंग्लैंड ने चौथे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 186 रनों से हराकर 0-2 से पिछड़ने के बाद 2-2 की बराबरी हासिल कर ली है। सीरीज का निर्णायक मुकाबला 29 सितंबर को ब्रिस्टल में खेला जाएगा। लॉर्ड्स स्टेडियम में बारिश के कारण देरी से शुरू हुए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, लेकिन इंग्लिश टीम ने 39 ओवर में 5 विकेट पर 312 रन बनाकर कप्तान मिचेल मार्श के फैसले को गलत साबित कर दिया। फिर 313 रन का टारगेट चेज कर रही कंगारू टीम को 126 रन पर ऑलआउट कर दिया। मैच 39-39 ओवर का खेला गया। हैरी को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने 58 गेंद पर 87 रनों की पारी खेली। बेन की फिफ्टी, सॉल्ट के साथ बैलेंस स्टार्क इंग्लिश ओपनर फिल सॉल्ट और बेन डकेट ने इंग्लैंड को बैलेंस स्टार्ट दिया। दोनों ने 48 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप की। यहां फिल सॉल्ट 48 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश हेजलवुड ने मार्नश लाबुशेन के हाथों कैच कराया। दूसरे ओपनर बेन डकेट ने 62 बॉल पर 63 रनों की पारी खेली।

## पदार्पण के बाद आठवें मैच में 50 प्लस स्कोर बनाया

### कामिंडु ने अर्धशतक जड़ बनाया रेकॉर्ड

**गॉले. एजेंसी**



श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन अर्धशतक लगा कर रेकॉर्ड बनाया। कामिंडु पदार्पण से अब तक लगातार आठ टेस्ट मैचों में 50 प्लस स्कोर बनाने में सफल रहे हैं ऐसा करने वाले वे दुनिया के पहले क्रिकेटर बन गए हैं। श्रीलंका ने पहले दिन स्टंप्स तक 3 विकेट खोकर 306 रन बना लिए थे। दिनेश चांडीमल ने 116 रन की पारी खेली। कामिंडु मेंडिस ने पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील का रेकॉर्ड तोड़ा। शकील ने डेब्यू से लगातार सात मैचों में 50 प्लस स्कोर किया था। कामिंडु ने अपने आठ टेस्ट मैचों में चार शतक व पांच अर्धशतक लगाए हैं। स्टंप्स के समय वे 51 रन बना कर एंजेलो मैथ्यूज (78 रन) के साथ क्रीज पर थे। इससे पहले दिमुथ करुणारत्ने ने 46 रन बनाए।

## वंतिका को मोदी से मिली शतरंज खेलने की सीख

### ओलंपियाड में मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भी जीता था वंतिका ने

**नईदिल्ली. एजेंसी**

हाल में शतरंज ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय महिला टीम की युवा स्टार वंतिका अग्रवाल ने प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान पुरानी यादें साझा की। वंतिका ने पीएम से मुलाकात के दौरान उनसे जुड़ा एक पुराना और दिलचस्प किस्सा उन्हें बताया। वंतिका ने पीएम से कहा, जब मैं नौ साल की थी, तब गुजरात के सीएम रहते हुए आपने मेरा हौसला बढ़ाया था। उस मान-सम्मान के बाद मैंने ठान लिया था कि शतरंज में देश के लिए आगे कई और पदक जीतने हैं। वंतिका अपने साथ वह तस्वीर भी लेकर आई थी, जिसमें मोदी उन्हें सम्मानित कर रहे थे।



**गुजरात में सिर्फ महिलाओं के लिए आयोजित होता था चेस टूर्नामेंट:** वंतिका ने बताया वर्ष 2012 में गुजरात के तत्कालीन मुख्यमंत्री मोदी ने बड़ा आयोजन कराया था। उस दौरान स्वामी विवेकानंद महिला शतरंज महोत्सव में 3,500 महिला खिलाड़ियों के साथ वंतिका ने भी भाग लिया था। वंतिका ने कहा, उस समय मैंने एशियाई चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब मोदी ने कहा था कि शतरंज केवल पुरुषों का खेल नहीं है। वंतिका ने कहा, उनके प्रोत्साहन से ही मैं देश के लिए और अधिक पदक जीतने के लिए प्रेरित हुई।

**चार्टर्ड अकाउंटेंट मां ने बेटी के लिए छोड़ दी थी नौकरी:** वंतिका की मां संगीता अग्रवाल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। ग्रेटर नोएडा में रहने वाली वंतिका को शतरंज में आगे बढ़ाने के लिए उनकी मां ने अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। प्रतियोगिता हो या नियमित अभ्यास सत्र संगीता हमेशा अपनी बेटी के साथ रहती हैं। वंतिका के पिता आशीष अग्रवाल भी चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं। वंतिका ने अपने भाई विशेष को देखकर शतरंज खेलना शुरू किया था। इसके बाद उन्होंने लगातार सफलता प्राप्त की। 2014 में राष्ट्रपति ने भी वंतिका को सम्मानित किया था। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद वंतिका ने बताया कि उन्हें ये भी याद था कि मेरा जन्मदिन 28 सितंबर को है। पीएम ने मुझसे पूछा आप जन्मदिन पर क्या करने वाली हो। मुझे बहुत ज्यादा खुशी हुई। मोदी आर्काइव नाम के सोशल मीडिया अकाउंट से भी नरेंद्र मोदी और वंतिका अग्रवाल की पुरानी तस्वीर शेयर की गई है। इसके साथ ही पोस्ट में वंतिका की मोदी को लिखी चिट्ठी भी शेयर की गई है।

## आईपीएल: 5 खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती हैं टीमें

### बैठक में फ्रेंचाइजी ने जताई सहमति

**मुंबई. एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) आइपीएल-2025 के लिए होने वाली नीलामी से पहले फ्रेंचाइजी टीमों को पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प दे सकती है। हाल ही में हुई एक बैठक के दौरान बीसीसीआइ ने सभी 10 आइपीएल फ्रेंचाइजी से इस मसले पर बात की थी। इस बैठक में ज्यादातर फ्रेंचाइजी ने पांच से छह खिलाड़ियों को रिटेन करने के प्रस्ताव पर सहमति जताई। यदि बीसीसीआइ पांच-छह खिलाड़ियों को रिटेन करने का फैसला करती है तो सबसे अधिक फायदा मुंबई इंडियंस को होगा। मुंबई जसप्रीत बुमराह, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव को आसानी से रिटेन कर सकती है, लेकिन तीन को रिटेन करने की अनुमति मिली तो इनमें से किसी एक को नीलामी में उतरना पड़ेगा।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## रणबीर कपूर ने बदल दिया हिंदी सिनेमा के हीरो का चेहरा




हिंदी सिनेमा के नंबर वन हीरो रणबीर कपूर 42 साल के हो गए। सोचकर देखो तो लगता है कि जैसे कल की ही बात है जब फिल्म 'सांवरिया' के सेट पर कपूर खानदान का एक छोरा किसी कोने में सुबकता नजर आया करता था। भंसाली की 'ढुकाई' से गढ़ा गया हिंदी सिनेमा का ये नायाब कलाकार हिंदी सिनेमा में अल्फा मेन की नई पहचान माना जाता है। और, जिस कहावत का खूब जिक्र चलता है, उसके मुताबिक बड़ा होकर ये कपूर अब बच्चन भी बन चुका है। रणबीर को निर्देशित करने वाले फिल्मकार उनके प्रशंसक बन जाते हैं और ऐसी ऐसी बातें उनके बारे में कह जाते हैं, जिन्हें भूल पाना मुश्किल है... हिंदी सिनेमा में रणबीर कपूर को का पहला ब्रेक देने वाले डायरेक्टर संजय लीला भंसाली एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'रणबीर मेरा पसंदीदा बच्चा है। वह उस चीज का हिस्सा है जिसे मैंने 'सांवरिया' में बनाया। वह मेरे लिए बहुत प्रिय है इसलिए जब भी मैं कोई फिल्म बनाता हूं तो लगता है इस भूमिका में रणबीर को लिया जाए तो क्या ही होगा?' रणबीर कपूर को फिल्म 'बचना ऐ हसीनों' और 'अनजाना अनजानी' में निर्देशित कर चुके निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने उनके भीतर अगला 'अमिताभ बच्चन' होने की भविष्यवाणी बहुत पहले कर दी थी। वह रणबीर को फिल्म 'अमर अकबर एंथनी' में एंथनी के किरदार के लिए बिल्कुल फिट मानते हैं।

## दीवाली पर रिलीज होगी फिल्म 'सिंघम अगेन'



अजय देवगन और रोहित शेट्टी बॉलीवुड के सबसे लोकप्रिय अभिनेता-निर्देशक जोड़ों में से एक हैं, जिन्होंने एक साथ कई सफल फिल्में दी हैं। वे वर्तमान में अपनी अगली बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन के साथ धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। सिंघम अगेन इस दिवाली को सिनेमाघरों में धूम मचाएगी। दरअसल, दिवाली पर यह फिल्म कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 के साथ टकराएगी। आज ही भूल भुलैया 3 के निर्माताओं ने फिल्म का दमदार टीजर जारी किया है, जिसे फैंस ने काफी पसंद किया। वहीं, अब उन्हें सिंघम अगेन से जुड़ा अपडेट मिलने का इंतजार है। ऐसे में अब सिंघम अगेन के ट्रेलर को लेकर नई जानकारी सामने आई है। खबर है कि निर्माता जल्द ही सिंघम अगेन का ट्रेलर जारी करने की योजना बना रहे हैं। अजय देवगन के साथ एक्शन फिल्म सिंघम अगेन में दीपिका पादुकोण, करीना कपूर खान , टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ, रणवीर सिंह और अक्षय कुमार जैसे कई स्टार कलाकार हैं। यह फिल्म में दिवाली के त्योहार के मौके पर बड़े पर्दे पर आने के लिए तैयार है।

## सीबीएफसी ने 'इमरजेंसी' में लगाए 13 कट कंगना बोलीं- सुझाव अनुचित




अभिनेत्री-फिल्म निर्माता कंगना रनौत ने कहा कि उन्हें सेंसर बोर्ड से उनके निर्देशन में बनी फिल्म 'इमरजेंसी' में कट लगाने के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं, लेकिन सुझाव काफी अनुचित लगते हैं। उनकी टीम इस पर अड़ी हुई है। उन खबरों के बाद एक बयान में कि केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने फिल्म में 13 कट लगाने के लिए कहा है। अब इस पर कंगना ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि टीम फिल्म की प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए दृढ़ है। कंगना ने इस फिल्म का निर्देशन, सह-निर्माण और अभिनय किया है, जिसमें उन्होंने दिवंगत इंदिरा गांधी की मुख्य भूमिका निभाई है। उन्होंने पहले सेंसर बोर्ड पर फिल्म की रिलीज में देरी करने के लिए प्रमाणन में देरी करने का आरोप लगाया था। पहले यह फिल्म 6 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सेंसर बोर्ड की संशोधन समिति ने फिल्म में 13 कट लगाने का आदेश दिया और इसे यू/ए सर्टिफिकेट जारी किया। इनमें कथित तौर पर एक अस्वीकरण जोड़ना, कुछ संवाद और दृश्य हटाना और फिल्म में ऐतिहासिक संदर्भों का समर्थन करने के लिए तथ्य प्रदान करना शामिल है। कंगना ने कहा, हमें कट के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं, प्रतिक्रिया का हमेशा स्वागत है, लेकिन कुछ सुझाव काफी अनुचित लगते हैं। अच्छी बात यह है कि अधिकांश इतिहासकारों और समीक्षा समिति के सदस्यों ने इसे एक नेता के सबसे भरोसेमंद चित्रण के रूप में सराहा है।



## बाजार में रेकॉर्ड तेजी का लाभ उठा मुनाफा वसूली, प्रमोटर्स भी बेच रहे शेयर

**मेट्रो बाजार**



**मुंबई. एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार में बुल रन जारी है। बुधवार को सेंसेक्स 666 अंक चढ़कर 85,386 के स्तर पर बंद हुआ और कारोबार के दौरान 85,930 के नए ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। वहीं निफ्टी भी 212 अंक यानी 0.81त्न की तेजी के साथ 26,216 अंक पर बंद और ट्रेडिंग के दौरान 26,251 अंक की रेकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंचा। बाजार की इस तेजी का फायदा उठाने के लिए एक तरफ खूब आइपीओ लॉन्च हो रहे हैं, जिसके जरिए कंपनी में निवेश करने वाले वेंचर कैपिटल (वीसी) और प्राइवेट इक्विटी फर्म्स (पीई) तगड़ा मुनाफा कमाकर कंपनी से एग्जिट कर रहे हैं। साथ ही लिस्टेड कंपनियों के प्रमोटर्स भी इस तेजी का फायदा उठाकर अपने शेयर बेच रहे हैं। इंडिगो, गौतम अडानी की अंबुजा सीमेंट्स, बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स, ईजी ट्रिप प्लानर्स, वेलस्पुन लिविंग, सायंट डीएलएम जैसी कंपनियों के प्रमोटरों ने सितंबर तिमाही में 40,000 करोड़ रुपए के शेयर बेचे हैं। बाजार में जोरदार रैली से बाजार का वैल्यूएशन काफी बढ़ गया है, जिसके कारण म्यूचुअल फंड्स अपने पास 1.86 लाख करोड़ रुपए के कैश पर बैठे हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि इतने ऊंचे मूल्यांकन पर कहां निवेश करें। वे निवेश करने के लिए बाजार में गिरावट का इंतजार कर रहे हैं। म्यूचुअल फंड्स बाजार पर बियरिश नहीं है, बल्कि नए मौके की तलाश में हैं।

40,000 करोड़ से अधिक के शेयर बेचे प्रमोटर्स ने सितंबर तिमाही में अब तक, इस साल एक लाख करोड़ रुपए के शेयर बेचे, जो 2023 से दोगुना हो गया।

## इस बार 70 फीसदी शहरी भारतीय त्योहारी सीजन में करेंगे ऑफलाइन खरीदारी

**नईदिल्ली. एजेंसी**

इस त्योहारी सीजन छोटे-बड़े शहरों के अधिकांश लोग ई-कॉमर्स के बजाय ऑफलाइन और रिटेल स्टोर्स से साथ स्थानीय दुकानों से खरीदारी करने के मूड में हैं। एक सर्वे के मुताबिक, 70 फीसदी शहरी भारतीय इस त्योहारी सीजन ऑफलाइन खरीदारी करने की तैयारी में हैं। केवल 13 प्रतिशत लोग ही खरीदारी के लिए पूरी तरह ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर हैं। लोकल सर्किल्स के फेस्टिवल स्पेंडिंग सर्वे के मुताबिक, इस फेस्टिव सीजन में शहर के लोग 22 अरब डॉलर यानी 1.85 लाख करोड़ रुपए खर्च करेंगे, जिससे लोकल बिजनेस को बूस्ट मिलने की उम्मीद है।



**ब्रांडेड कपड़े हों या मेकअप समान या फिर सिगरेट और शराब...:** बाजार में हर समान की नकली कॉपी धड़ल्ले से बिक रही है। फिक्की ने अपनी रिपोर्ट में 5 मुख्य इंडस्ट्री में ही अवैध व्यापार को 8 लाख करोड़ रुपए का बताया है। बड़े पैमाने पर ये नकली सामान ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर बिक रहे हैं। देश में लगभग 50त्न यानी 4 लाख करोड़ रुपए का अवैध व्यापार अकेले टेक्सटाइल और गारमेंट सेक्टर में है। पैकेज्ड फूड्स में अवैध व्यापार 2.23 लाख करोड़ रुपए, पर्सनल केयर में 74,000 करोड़, तंबाकू में 30,017 करोड़ व शराब का अवैध बाजार 66,106 करोड़ रुपए का है।

### संबंध घनिष्ठ होने के कारण पीड़ित परिवार को नहीं हुआ आरोपी पर संदेह

# बच्ची की लाश को छत से फेंकना चाहता था आरोपी, पुलिस समेत भीड़ होने से रहा नाकाम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहजहांनाबाद मल्टी में रहने वाली मासूम बच्ची से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने वाला आरोपी शव को ठिकाने लगाने की तमाम कोशिशें कर चुका है। बाहर नहीं जा पाने के कारण वह शव को मल्टी की छत से नीचे फेंकना चाहता था, लेकिन घर के सामने और चारों तरफ पुलिस का पहरा होने के कारण वह ऐसा नहीं कर सका। इधर पीड़िता परिवार से उसकी सबसे ज्यादा घनिष्ठता थी, इसलिए परिवार को उस पर आखिरी तक कोई आशंका नहीं व्यक्त कर सका।

मंगलवार सुबह नगर निगम की टीम इलाके में डेंगू मच्छर मारने के लिए फागिंग करने पहुंची थी। उस वक्त अधिकांश लोगों ने अपने घरों के दरवाजे बंद कर लिए थे। इसी बीच बच्ची अपने दरवाजे के सामने पहुंची तो आरोपी अतुल ने उसे पकड़कर अपने फ्लैट में खींच लिया। बच्ची से दुष्कर्म करने के बाद उसने पानी की टंकी में शव रखकर बाथरूम में ऊपर की तरफ रख दिया था।

घटना के समय मां बसंती बाई पास में रहने वाली बेटी चंचल के घर गई थी। मां जब वापस लौटी तो उसे पता चल चुका था, लेकिन अतुल ने उसे किसी को नहीं बताने के लिए धमकाया था। हालांकि मां ने जब बेटी को घटना की जानकारी दी तो उसने भी भाई के डर से चुप्पी साध ली। घटना के करीब तीन घंटे बाद पुलिस को बच्ची के लापता होने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस ने सर्चिंग शुरू की थी। सबसे घनिष्ठ थे दोनों परिवार आरोपी और पीड़ित परिवार एक ही इलाके के रहने वाले हैं, इसलिए उनके बीच सबसे ज्यादा घनिष्ठता था। पीड़ित परिवार जब बच्ची की तलाश में भटक रहा था, तब आरोपी भी उनके साथ ही था।



बच्ची का पिता कई बार आरोपी के कंधे पर सिर रखकर आंसू बहा चुका था, लेकिन आरोपी का दिल नहीं पसीजा कि वह घटना के बारे में उसे बता सके। मनः स्थिति की जांच करेगी पुलिस आरोपी ने किन परस्थितियों में इस प्रकार की घटना को अंजाम दिया। उसका मन विचलित क्यों नहीं हुआ, इन सब बातों के लिए पूछताछ की जाएगी। गुरुवार को जब पुलिस उसकी गिरफ्तारी के प्रयास कर रही थी, तब भागते समय वह गिर गया, जिससे हाथ-पैर में गंभीर चोट आई है। पुलिस इस प्रकार में मामलों में घटना का री-क्रिएशन करवाती है, लेकिन इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मल्टी में नहीं ले जाया जाएगा।

## किराएदारों को लेकर चलेगा अभियान

डीसीपी रियाज इकबाल ने बताया कि इलाके में किराए से रहने वालों की जानकारी जुटाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। आरोपी परिवार भी यहां किराए से रह रहा था। जांच के दौरान यह देखा जाएगा कि जिन लोगों को आवास आवंटित हुए थे, वह स्वयं यहां रह रहे हैं अथवा उन्होंने मकानों को किराए पर दे रखा है। डीसीपी इकबाल ने बताया कि पूरे इलाके में पुलिस चौकी और एक धार्मिक स्थल पर ही सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पूरी मल्टी में 25 से 30 स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। इसके लिए कलेक्टर और जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया है। जल्द ही कैमरों की व्यवस्था करवा दी जाएगी।

## रास्ते पर लगातार होती है चैकिंग

इस इलाके में नशे का कारोबार की शिकायतें मिलती रहती हैं, जिसके चलते पुलिस मेन रोड पर चैकिंग करती है। ताकि किसी प्रकार का नशा, हथियार अथवा अन्य आपत्तिजनक सामान मल्टी में नहीं ले जाया जा सके। बीते एक साल में काफी हद तक नशे के कारोबार में कमी आई है। आगे शिकायत मिलने पर संबंधितों पर कार्रवाई का जाएगी।

## तीन दिन की रिमांड पर आरोपी

पुलिस ने अतुल महाले और उसकी मां बसंती बाई समेत बहन चंचल को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पुलिस की तरफ से तीन दिन की रिमांड की अर्जी लगाई गई। आरोपी अतुल को पुलिस को तीन दिन की रिमांड पर सौंप दिया गया है। बसंती बाई और चंचल की रिमांड की आवश्यकता नहीं होने के कारण उन्हें जेल भेजा गया है।

## अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




**भोपाल।** कमला नगर पुलिस ने एक युवक को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर से सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम नया बसेरा के पास पहुंची तो एक संदेही युवक लाल रंग का झोला लेकर खड़ा हुआ मिला। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर झोले की तलाशी ली तो उसमें 50 क्वार्टर देशी शराब रखी मिली। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम आमिर खान निवासी राजीव नगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया है। जब्त हुई शराब की कीमत साढे तीन हजार रुपये बताई गई है। इधर सूखी सेवनिया पुलिस ने नागेश्वरी मंदिर के पास अवैध रूप से छुरी लेकर घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी का नाम नीरज भील निवासी सूखी सेवनिया बताया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

## राजधानी में बढी लूट की वारदात लुटेरों का नहीं लग रहा सुराग

**भोपाल।** राजधानी में इन दिनों मोबाइल झपटने वाले लुटेरे आए दिन लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इसके विपरित पुलिस लुटेरों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही है। लगातार दो दिन दो लूट की वारदात होने के बाद भी पुलिस अब तक लुटेरों तक नहीं पहुंच सकी है। उल्लेखनीय है कि लुटेरों ने पहली वारदात बागसेवनिया में चलते आटो में की थी। इसके बाद दूसरी वारदात पिपलानी थाना क्षेत्र में हुई। यहां बाइक सवार बदमाश पैदल जा रहे छात्र के हाथ से मोबाइल झपटकर ले गया। बागसेवनिया थाने के बगल में हुई लूट की घटना में पुलिस को लुटेरों की स्कूटर मिल गई है, लेकिन लुटेरे अब भी गिरफ्त से दूर है, जबकि पिपलानी थाना क्षेत्र में हुई लूट के बाद पुलिस को कोई भी सुराग नहीं लगा है।

## एम्स अस्पताल से मोटर साइकिल चोरी

**भोपाल।** राजधानी में वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। बागसेवनिया थानांतर्गत एम्स अस्पताल की पार्किंग से मुकेश स्नेही की मोटर सायकिल चोरी चली गई। इसी प्रकार अमराई परिसर बागसेवनिया से अनिल साहू की बाइक चोरी हो गई। इधर बाग उमराव दूल्हा ऐशबाग से राजेश खत्री, सुदामा नगर पिपलानी से मो। दिलावर और आनंद नगर गुप्ता कालोनी से अनिकेत डहरिया की घर के सामने खड़ी बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार श्यामला हिल्स स्थित रंजीत होटल की पार्किंग से महेश पथरोल की बाइक चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।




राजधानी में जेके रोड पर ट्रेफिक पुलिस ने सघन चैंकिंग अभियान चलाया

## पति की मौत के बाद देवर ने की छेड़छाड़, मामला दर्ज

**भोपाल।** मिसरोद पुलिस ने भाभी की शिकायत पर देवर के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया है। चालीस साल की महिला का आरोप है कि नौ महीने पहले पति की मौत हो चुकी है। इसके बाद से ही देवर उस पर बुरी नजर रखने लगा था। हालांकि पुलिस ने पड़ताल की तो पता चला कि उनका प्रॉपर्टी का विवाद है। महिला संबंधी अपराध होने के कारण पुलिस ने महिला की शिकायत पर देवर के खिलाफ छेड़छाड़ की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार 40 साल की महिला इलाके में रहती है। उसके पति की 9 महीने पूर्व मौत हो चुकी है। वह पति के मकान में रहती है, जबकि देवर किराए से अलग रहता है। महिल का कहना है कि आरोपी अक्सर उसके घर जाता है और उससे छेड़छाड़ करता है।

## किसान ने बिना परमिशन के काट दी कॉलोनी

**भोपाल।** छोला मंदिर पुलिस ने एक किसान के खिलाफ मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। उक्त प्रकरण राजस्व निरीक्षण राधेश्याम बघेल की शिकायत पर दर्ज किया गया। दरअसल, आरोपी किसान ने वर्ष 2014-15 से अब तक खेजड़ा बरामद में अपनी कृषि योग्य भूमि को बिना डायवर्सन कराए बेच दिया। उसने उक्त जमीन अलग-अलग प्लॉट काटकर बेची। लोगों ने प्लॉट खरीदकर अपने अनुसार मकान भी बना लिए। अब कॉलोनी वासी सड़क और नाली समेत मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। रहवासियों ने इसकी शिकायत राजस्व विभाग में की थी।

### 29 से शुरू होगी लेट नाइट उडान

# इंडिगो वादे से पलटा, एयरपोर्ट चौबीसों घंटे खुला रहेगा



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

राजधानी का राजा भोज एयरपोर्ट आगामी एक अक्टूबर से 24 घंटे खुलने लगेगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी को उम्मीद थी कि पहले दिन ही कम से कम दो लेट नाइट उड़ानें शुरू होंगी लेकिन एयरलाइंस कंपनियों ने अभी तक शेड्यूल जारी नहीं करने से असमंजस है। मगर अथॉरिटी ने 10 दिन तक ट्रायल के रूप में 24 घंटे एयरपोर्ट खोलने का निर्णय लिया है।

बताया जाता है कि एयरपोर्ट अथॉरिटी ने 24 घंटे उड़ान संचालन के लिए डीजीसीए से अनुमति लेने की औपचारिकताएं भी पूरी कर ली हैं। लगातार 24 घंटे एयरपोर्ट खुला रखने के लिए सुरक्षा में तैनात जवानों की संख्या बढ़ना जरूरी है। सीआइएसएफ के जवानों की संख्या 170 से बढ़ाकर 440 तक करने का प्रस्ताव है। यह संख्या धीरे-धीरे बढ़ाई जा रही है। वर्तमान में यह संख्या 275 हो चुकी है। राजा भोज एयरपोर्ट फिलहाल सुबह छह से रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है। 24 घंटे खुला रहने पर देर रात की उड़ानें प्रारंभ होने की पूरी संभावना है। इंडिगो ने दो अक्टूबर से भोपाल से पुणे के लिए पहली लेट नाइट उड़ान शुरू करने का भरोसा अथॉरिटी को दिलाया था। कंपनी ने स्लॉट भी ले लिया लेकिन अभी तक शेड्यूल जारी नहीं किया है। कंपनी ने अब यह उड़ान 29 अक्टूबर से प्रारंभ करने का भरोसा दिलाया है। हालांकि इस तारीख को भी बुकिंग नहीं हो रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी भोपाल से बेंगलुरू, पुणे एवं हैदराबाद उड़ान शुरू करने की तैयारी की है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में व्यापारी लापता

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**




बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित खजूरिया रामदास से एक व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। शुक्रवार सुबह वह घर से खेत पर गाय का दूध लगाने का कहकर निकले थे। इसके बाद से ही उनका कुछ पता नहीं है। उनकी बाइक खेत के पास ही बरामद की गई है। उसमें चाबी लगी हुई है। पुलिस के अनुसार जयपाल ठाकुर उर्फ बंटी ठाकुर (29) खजूरिया रामदास में रहते हैं। वे खेती किसानी करते हैं। इसके अलावा उनकी तरावली जोड़ पर पाइप और मोटर की दुकान है। शुक्रवार सुबह वह घर से खेत जाने का कहकर निकले थे। प्रतिदिन वह खेत से लौटने के बाद घर आते थे और फिर दुकान जाते थे।

शुक्रवार सुबह वह खेत से घर नहीं लौटे तो उनकी गांव में तलाश की गई, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद बैरसिया थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

## ऑटो चालक की पत्नी ने फांसी लगाई, नहीं मिला सुसाइड नोट

**भोपाल।** टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित प्रियदर्शनी नगर में शुक्रवार शाम आटो चालक की पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस के अनुसार साधना पति सुदामा बहोरिया (35) प्रियदर्शनी नगर झुग्गी में रहती थी। उसका पति सुदामा आटो चलाता है। सुदामा और साधना के दो बच्चे हैं। सुदामा ने पुलिस को बताया कि प्रतिदिन की तरह शुक्रवार सुबह वह घर से आटो लेकर निकल गया था। बच्चे भी स्कूल चले गए। शाम करीब पांच बजे बच्चा स्कूल से घर लौटा तो उसने मां को साड़ी के फंदे पर लटका देखा था।






**मेट्रो एंकर**

### आगामी त्यौहारों पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें-डीजीपी ने दिए निर्देश

# पूर्व यौन अपराधियों की सघन जांच के निर्देश

▸▸ **पीड़ित को त्वरित न्याय और अपराधी को कड़ी सजा दिलाने के लिए करें सार्थक प्रयास**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर डीजीपी सुधीर कुमार सक्सेना ने प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल सुरक्षा एवं शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखें।

प्रदेश में यौन अपराधों की प्रभावी रोकथाम, यौन अपराधियों की सघन जांच करें। यौन अपराधियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए कार्रवाई करें। वीसी में प्रदेश के सभी जोनल आईजी-एडीजी भोपाल एवं इंदोर कमिश्नरेट के आयुक्त, सभी जिलों के एसपी तथा इंदौर और भोपाल के पुलिस उपायुक्त सम्मिलित रहे।



डीजीपी ने निर्देशित किया की आज से ही लैगिंक अपराधों में संलिप्त रहे आरोपियों पर अभियान चलाएं। प्रदेश के सभी थाना क्षेत्रों में गत दस वर्षों में इस तरह के अपराधों में लिप्त लोगों की सघन जांच करें। पुलिस के विभिन्न डाटा बेस से यौन अपराधियों विशेषतः एक से अधिक बार इस तरह के अपराध को अंजाम देने वाले अपराधियों की जानकारी जुटाएं। यदि वे अपना क्षेत्र छोड़कर अन्यत्र कहीं भी निवास कर रहे हों तो संबंधित पुलिस थाने को जानकारी दे ताकि उसकी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा सके।

## स्कूलों में सुप्रीमकोर्ट की गाइडलाइन का पालन कराएं

प्रदेश के सभी स्कूलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा बच्चों की सुरक्षा के संबंध में जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिला प्रशासन के सहयोग से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। स्कूलों के समस्त स्टॉफ का पुलिस वेरिफिकेशन होना अनिवार्य है। साथ ही स्कूल परिसर के आसपास के लोगों तथा रास्तों पर भी सजग चौकसी रखें।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रसलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022